


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 ■ पौष कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-267 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# प्रधानमंत्री ने किया मनमोहन सिंह का अंतिम दर्शन

**नई दिल्ली,27दिसंबर।** पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन करने और श्रद्धांजलि देने पीएम नरेन्द्र मोदी उनके आवास



तीन मोतीलाल नेहरू मार्ग पहुंचे। पीएम मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने साथ गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। दोनों ने भी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने के बाद



पीएम मोदी वापस लौट गए हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने और मनमोहन सिंह के साथ वाले फोटो शेयर करते हुए साथ बिताए हुए पलों को याद किया। पीएम मोदी ने लिखा कि- भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने।उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की बेटी के अमेरिका से लौटने का इंतजार किया जा रहा है। कल 28 दिसंबर यानी शनिवार को उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ हो सकता है।

## जनवरी-फरवरी में बैलेट पेपर से निकाय और पंचायत चुनाव

### 7 जनवरी के बाद आचार संहिता कभी भी : अरुण साव

**रायपुर,27 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत का चुनाव बैलट पेपर के जरिए होगा. 7 जनवरी के बाद कभी भी आचार संहिता लग सकती है. नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि ईवीएम मशीन की तैयारी में समय लग रहा था, जिसके मद्देनजर बैलट पेपर से चुनाव का निर्णय किया गया है. चुनाव आयोग तैयारी कर रही है. उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव पर सरकार तैयारी कर रही है. नियमों में परिवर्तन हुआ है, आरक्षण की प्रक्रिया हो रही है. सरकार जल्द से जल्द चुनाव करने प्रतिबद्ध है. मंत्री अरुण साव ने बताया कि आरक्षण की प्रक्रिया और महापौर के लिए 7 तारीख निर्धारित की



है. जैसे ही आरक्षण की प्रक्रिया समाप्त होगी, चुनाव आयोग को उसको सूचना भेजी जाएगी. उन्होंने बताया कि हमने नई व्यवस्था की है, कई नियमों में परिवर्तन किया गया है. कानून में परिवर्तन कर हमने व्यवस्था की है. उन्होंने बताया कि हर तीन महीने में मतदाता सूची बनाने का निर्णय लिया है, जिससे छूटे हुए नाम को जोड़ा जा सके. तेज गति से हम चुनाव की प्रक्रिया में आगे बढ़ रहे हैं. बोर्ड परीक्षा मार्च में शुरू हो रही है. निश्चित रूप से परीक्षाओं से पहले हम चुनाव करा लेंगे, ऐसी हमें पूरी उम्मीद है.

## मंडल अध्यक्ष चुनाव पर विवाद के बीच रायपुर पहुंचे भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन

**रायपुर,27दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भाजपा संगठन की आज महत्वपूर्ण बैठक होगी. बीजेपी स्वच्छ रूप से सभी को मौका देती है. बीजेपी का यह रेगुलर प्रोसेस है, इसी प्रक्रिया में सभी मंडल अध्यक्ष चुने गए हैं. अब जिला अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होगी. केवल बीजेपी पार्टी में बूथ से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का चुनाव होता है. यह बात भाजपा संगठन की बैठक में शामिल होने पहुंचे प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने मीडिया से चर्चा में कही. छत्तीसगढ़ में भाजपा मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद मचे बवाल को लेकर पार्टी एक्शन मोड में नजर आ रही है. दो मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति रद्द होने के बाद आज भाजपा कार्यालय में बड़ी बैठक होने जा रही है. इसमें शामिल होने के लिए आज



रायपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने रायपुर विमानतल पर मीडिया से चर्चा की. मंडल अध्यक्ष के चुनाव में वाद-विवाद की स्थिति को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि कई पार्टियों में एक ही परिवार के लोग नेतृत्व करते नजर आते हैं, लेकिन भाजपा सभी को अपनी अपेक्षाएं व्यक्त करने का मौका देती है. भाजपा अपने संगठन को लोकतांत्रिक तरीके से खड़ा करती है. इससे यह स्पष्ट होता है कि बीजेपी के बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ता भी अध्यक्ष बनने के लिए तत्पर है. वहीं साय मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर नितिन नबीन ने कहा कि जल्द इंतजार खत्म होगा. हमारे यहां लोग हैं और सभी की अपेक्षाएं हैं. यह भाजपा की स्वस्थ परंपरा है कि लोगों को लगता है उन्हें मौका मिलना चाहिए. बहुत जल्द आप लोगों का इंतजार खत्म होगा.

## अन्य जगहों की भी होगी पुलिस भर्ती प्रक्रिया की जांच: शर्मा

**रायपुर,27 दिसंबर।** राजनांदगांव पुलिस भर्ती को रद्द करने के बाद गृह मंत्री विजय शर्मा ने अब अन्य जगहों की पुलिस भर्ती प्रक्रिया की जांच करने की बात कही है. इसके साथ ही मामले में आक्रामक कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को अपनी भर्ती प्रक्रिया की ओर ध्यान देना चाहिए. पीएससी, शराब घोटाला मामले में अंदर हुए लोगों पर उन्हें ध्यान देना चाहिए. उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने पुलिस भर्ती प्रक्रिया को लेकर बताया कि पूरे शुद्धिकरण के बाद एक-एक चयन अभ्यर्थी की क्षमता के आधार पर होगा. सभी जगहों पर इस बात को चेक किया जाएगा. कहीं कुछ पाया गया, तब वहां भी जांच होगी. भर्ती प्रक्रिया में जो गड़बड़ी हुई है, उसमें



सुधार कर रहे हैं. पंचायत चुनाव को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि पंचायत चुनाव निर्धारित समय से पहले हो जाएंगे. चुनाव आयोग बताएगा. सरकार की तैयारी पूरी है. उम्मीद है कि चुनाव एग्जाम के पहले होना चाहिए. वहीं प्रदेश में अपराध की स्थिति पर विजय शर्मा ने कहा कि पूरा माहौल खड़ा किया गया. लोगों को धमकाने की स्थिति खराब है. प्रदेश के आंकड़ों में फर्क नहीं आया है. 2024 में नक्सलियों ने लगभग 80 हत्या की है.

## चिल्फी घाटी में 12 घंटे से ज्यादा समय से जाम

### 20 किमी तक गाड़ियों की कतार

**कवर्धा,27 दिसंबर।** चिल्फी घाटी में एक बार फिर से लंबा जाम लग गया है. यहां ट्रक खराब होने से रायपुर जबलपुर नेशनल हाईवे 30 में आवागमन बाधित हो गया है. 20 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गई है. छोटे गाड़ियों को भी निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जानाकारी के मुताबिक, चिल्फी घाटी में तीन अलग-अलग जगहों पर ट्रक खराब हुई है. ट्रक खराब होने के



कारण बड़े और भारी वाहन निकलने में दिक्कत हो रही है. पुलिस ने सभी बड़ी वाहनों को रोक दिया है. गुरुवार रात 10 बजे से जाम लगा हुआ है. 12 घंटे से ज्यादा समय के बाद भी जाम नहीं खुल पाया है. पुलिस ने सभी बड़ी वाहनों को घाट से पहले ही रोक दिया है, जिसके चलते वन-वे खुला है. किसी तरह से छोटी गाड़ियां और यात्री बस को निकालने की कोशिश जारी है. दोनो तरफ करीब 20 किलोमीटर तक बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई है?. चिल्फी थाना प्रभारी उमाशंकर राठौर ने बताया कि गुरुवार रात में तीन अलग अलग जगहों पर ट्रक खराब होने के कारण जाम लग गया. पुलिस की टीम ने पूरी रात ड्यूटी देकर छोटे वाहनों के लिए बमुश्किल रास्ता बनाया भारी वाहनों को रास्ते से हटाने का प्रयास कर रहे हैं, जल्द ही जाम खत्म हो जाएगा. चिल्फी घाटी में आए दिन जाम की स्थिति बन रहती है, जिससे लोग परेशान होते हैं. रायपुर से जबलपुर जाने के लिए नेशनल हाईवे 30 एकलौता रास्ता है. जहां प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, जिसके कारण लोगों को इन परेशानियों का सामना करना पड़ता है. पुराने वाहनों के ओवरलोड होने के कारण घाट चढ़ने के दौरान गाड़ी खराबी हो जाती है. सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण अन्य बड़ा वाहन गुजर नहीं पाते हैं.

## मर गया मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान मक्की

**नई दिल्ली,27 दिसंबर।** मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लोगों में से एक हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की मौत हो गई है। उसे शुक्रवार को हार्ट अटैक आया, जिसमें उसकी मौत हो गई। मक्की का जमात-उद-दावा के कमांडर हाफिज सईद से करीबी रिश्ता था और वह



उसका बहनोई था। हाफिज सदई ने अब्दुल रहमान मक्की को जमात उद दावा का डिप्टी चीफ बना रखा था। मक्की की मौत की पुष्टि करते हुए जमात उद दावा ने बतान भी जारी किया है। आतंकी संगठन का कहना है कि मक्की बीते कुछ दिनों से बीमार था। उसका डायबिटीज बढ़ा हुआ था और उसे इलाज के लिए लाहौर के एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया गया था। इसी दौरान उसे हार्ट अटैक आया और उसकी मौत हो गई। जमात-उ-दावा का कहना है कि मक्की को शुक्रवार सुबह ही हार्ट अटैक आया और उसने लाहौर के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। भारत की ओर से उसके खिलाफ लगातार ऐक्शन की मांग हो रही थी और पाकिस्तान से उसे सौंपे जाने की डिमांड भी कई गई थी। इसके बाद भी पाकिस्तान हाफिज सईद और उसके गुर्गों को लगातार शह देता रहा है।

## दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की अनुमति

**बिलासपुर,26 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता को अनचाहे गर्भ (21 से 22 सप्ताह) से छुटकारा पाने के लिए गर्भपात (अबार्शन) की अनुमति दी है। कोर्ट का यह फैसला मेडिकल बोर्ड की विस्तृत सिफारिशों पर आधारित है।

हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि यह प्रक्रिया विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में पूरी की जाए। 26 दिसंबर को मामले की सुनवाई के दौरान शासन की ओर से केवल एक पेज की साधारण मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, जिसमें पीड़िता के अबार्शन को संभव बताया गया था। इस मामले में कोर्ट में ओपीडी की पर्ची दी गई थी। इस पर जज ने नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि शासन के गाइडलाइंस के अनुसार पीड़िता का ब्लड टेस्ट, एचआईवी टेस्ट, सोनोग्राफी समेत अन्य जरूरी जांचें होनी चाहिए थीं। रिपोर्ट में इनका कोई उल्लेख नहीं था। कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड को तत्काल तलब कर गहन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जस्टिस अग्रवाल ने लापरवाही पर फटकार लगाते हुए पूछा कि इस तरह की साधारण रिपोर्ट कैसे दी जा सकती है। मेडिकल बोर्ड ने अपनी गलती स्वीकारते हुए माफी मांगी और विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए समय मांगा। मामले में दुष्कर्म पीड़िता की ओर से अर्बाशन को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर कर गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए चीफ जस्टिस के निर्देश पर अवकाश (बीते मंगलवार) के दिन कोर्ट खुला और स्पेशल बेंच में सुनवाई हुई। प्रारंभिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने मेडिकल बोर्ड से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने यह भी पूछा था कि अर्बाशन करने की स्थिति में पीड़िता के स्वास्थ्य पर बुरा असर तो नहीं पड़ेगा। अर्बाशन कराना जानलेवा साबित तो नहीं होगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट आशीष तिवारी ने यह भी आग्रह किया कि युवती रेप पीड़िता है। लिहाजा, अबार्शन कराने से पहले उसका डीएनए परीक्षण भी कराया जाए, ताकि रेप के आरोपित को सजा दिलाई जा सके। इस पर हाई कोर्ट ने तारबाहर थाना प्रभारी को एसपी के माध्यम से डीएनए जांच कराने की प्रक्रिया पूरी कराने कहा है। गुरुवार की दोपहर मेडिकल बोर्ड ने विस्तृत रिपोर्ट पेश की, जिसमें सभी जरूरी जांचों के परिणाम शामिल थे। रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने शुक्रवार सुबह 11 बजे पीड़िता को जिला अस्पताल में उपस्थित होकर अबार्शन कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह सुनिश्चित किया कि पीड़िता का अबार्शन विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की देखरेख में किया जाए।

### अन्नामलाई ने खुद को मारे कोड़े, चप्पल नहीं पहनने की भी खाई कसम

**चेन्नई,27 दिसंबर।** तमिलनाडु में अन्ना विश्वविद्यालय की एक छात्रा के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में विपक्षी दलों का विरोध-प्रदर्शन जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पहले कहा कि वह द्रमुक सरकार के हटने तक चप्पल नहीं पहनेंगे और नंगे पैर ही चलेंगे। इसके बाद आज उन्होंने न्याय की मांग करते हुए खुद को कोड़े से पीटा। आपको बता दें कि भाजपा ने आरोप लगाया है कि आरोपी द्रविड़ मुनेत्र कषगम का पदाधिकारी है। हालांकि, सत्तारूढ़ पार्टी ने आरोपों को खारिज कर दिया है। इससे पहले अन्नामलाई ने आरोपी की द्रमुक नेताओं के साथ तस्वीरें दिखाते हुए आरोप लगाया कि वह सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा का पदाधिकारी है।

## बाल-बाल बचे डब्लूएचओ चीफ

### यमन एयरपोर्ट से फ्लाइट पर होने ही वाले थे सवार, तभी इजरायल ने कर दी बमबारी

**इजरायल,27दिसंबर।** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के चीफ डॉक्टर टैड्रॉस, जो गुरुवार (26 दिसंबर) को यमन की राजधानी सना में मौजूद थे, इजरायल के हमले से बाल-बाल बच गए. सना एयरपोर्ट और बंदरगाह पर इजरायल का हमला हुआ. डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने यमन में ह कर्मचारियों की रिहाई की मांग करने पहुंचे, जिन्हें हूती लड़ाकों ने पिछले कई महीनों से कैद कर रखा है. उन्होंने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट यह जानकारी दी. वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ. टेड्रोस एडनोम घेबियस ने कहा, ÷वो और उनके सभी सहयोगी प्लेन में सवार होने ही वाले थे कि तभी सना एयरपोर्ट पर इजरायल की ओर से हमला हो गया.÷ उन्होंने बताया कि इस दौरान वहां बमबारी हुई, जिसमें उनकी फ्लाइट का एक सदस्य घायल हो गया और दो अन्य लोगों की मौत हो गई. विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने कहा कि वह और उनके सभी सहयोगी पूरी तरह से सुरक्षित हैं, लेकिन उन्हें सना से निकलने के लिए एयरपोर्ट की मरम्मत पूरी होने तक इंतजार करना पड़ेगा. महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यमन की राजधानी सना में इजरायल के हमले की निंदा की है और कहा कि नागरिकों और मानवीय सेवाओं को कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए. गुटेरेस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए, साथ ही साथ यमन के लाल सागर में बंदरगाहों, बिजली स्टेशनों और यमन की राजधानी सना अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, लाल सागर मे बंदरगाहों और बिजली स्टेशनों पर हमले बेहद खतरनाक हैं. हमलों में पावर स्टेशनों और बंदरगाहों को भी निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए. इजरायल ने हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद हूती विद्रोही समूह ने इन हमलों को क्रूर करार दिया, लेकिन अभी तक पता नहीं चला है

### छत्तीसगढ़ में पहली बार बस्तर ओलंपिक का आयोजन

jasclaudius@gmail.com

# खेल आयोजन को सिर्फ परंपरा ही नहीं परिणाम द्योतक भी बनाएं

**✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

2018 से 2023 तक के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने एक नई परंपरा आरंभ की। इसके अनुसार छत्तीसगढ़ के निवासियों में खेल भावना को जगाने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया। इसमें तीन आयु वर्ग के खिलाड़ियों की प्रतियोगिताएं हुई। विधानसभा चुनाव 2023 के लगभग एक वर्ष पूर्व एक खेल आयोजन को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का नाम देकर जिस तरह पूरे प्रदेश में खेल के लिए शहरों से लेकर गांवों तक माहौल बनाया गया उसके पीछे खेल कम राजनीति ज्यादा दिखाई दी। तत्कालीन छत्तीसगढ़ सरकार के ऐसे आयोजन का कोई विशेष लगाव या छाप प्रदेश के नागरिकों पर नहीं पड़ा। इस तरह के खेल आयोजन का छत्तीसगढ़ की जनता के जनमानस में कितना पड़ा यह सोचनीय तथ्य है। कांग्रेस सरकार द्वारा 2107 से लेकर 2022-23 तक प्रदेश के खिलाड़ियों की जितनी उपेक्षा की गई वह जगजाहिर है। राजीव मितान क्लब के द्वारा प्रदेशभर में करोड़ों रुपये तथाकथित रूप से युवाओं के मनोरंजन/उत्थान के लिए लगाये गये जिसका क्या परिणाम हुआ आज तक पता नहीं चला। जो भी हो राज्य में ऐसे आयोजन से बच्चों, किशोरों या युवाओं को लगता है कुछ भी लाभ नहीं पहुंचा। वैसे भी जो सरकार 2017 से 2022-23 तक खिलाड़ियों के खेल अलंकरण का आयोजन नहीं कर सकी साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सूची तक जारी नहीं कर सका उसे खेल का हितैषी कैसे माना जा सकता है? 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन हुआ। नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा खेल मंत्री टंकराम वर्मा के सत्ता में रहते प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रदेश की जनता को इस बार बस्तर ओलंपिक सौगात दी। ये खेलकूद 2022 के छत्तीसगढ़िया ओलंपिक से कुछ अलग थे। इसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबाल, हाकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबाल तथा रस्साकसी को सम्मिलित किया गया। इसमें से वेटलिफ्टिंग और हाकी खेल की स्पर्धा जिला से संभाग स्तर पर हुई। इन खेलों का नाम बस्तर




ओलंपिक रखकर भले ही क्षेत्र विशेष, समुदाय, जाति विशेष के खिलाड़ियों, खेल सामग्री बेचने वालों, आयोजन से जुड़े लोगों को खुश कर दिया गया परंतु इसकी तुलना वास्तव में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल से नहीं करना चाहिए। आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में 28 प्रमुख खेल हैं जबकि बस्तर ओलंपिक में सिर्फ दस खेल शामिल किए गए थे। इसके अलावा एथलेटिक्स में 46 की जगह 10 इवेंट, तीरंदाजी में जो इवेंट ओलंपिक खेलों में नहीं है उसे सम्मिलित किया गया है जबकि भारोत्तोलन व कराते में कई वजन वर्ग रखे गये हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ग्रीष्म/शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भारत के खिलाड़ियों से पदक पाने की उम्मीद करते हैं तो दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के खेल एवं युवा विभाग द्वारा बस्तर ओलंपिक नामक ऐसे खेल आयोजन की योजना बनाई जाती है जिसमें खेल प्रतिभा निकालना मुश्किल है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को मुख्यधारा में लाने के प्रयास में 2900 आदिवासी युवा व आत्मसमर्पित नक्सली उपरोक्त बस्तर ओलंपिक में भाग लिया। खेलकूद की यह प्रतियोगिता 90 दिनों तक ब्लाक, जिला व संभागवार चली। इसमें 7 करोड़ की राशि के खर्च करने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह उद्देश्य आदि सिर्फ यही है तो फिर इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। छत्तीसगढ़ में खेलकूद को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में छत्तीसगढ़ के खेल प्रशासकों को कुछ ऐसा कदम उठाना चाहिए जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ से ओलंपिक खेलों के खिलाड़ी निकल सके, राज्य के विकास में टैक्स देने वाले नागरिकों का सपना पूरा हो सके और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारे राज्य का नाम रौशन हो सके।

## संक्षेप



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली में स्व.मनमोहन सिंह की पत्नी से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की।

### मनमोहन सिंह के निधन पर छग में राजकीय शोक

**रायपुर,27 दिसंबर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर छत्तीसगढ़ में 7 दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है. इस दौरान 26 दिसंबर से लेकर 1 जनवरी तक सरकारी तौर पर कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा. राज्य सरकार की ओर से सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है. इसमें समस्त शासकीय भवनों और जहां पर नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है, वहां पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे. इसके अलावा सरकारी स्तर पर किसी तरह का मनोरंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाएगा. इसके साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री ओपी चौधरी के सभी दौरा कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं.

### सिलेंडर फटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

**राजनांदगांव,27 दिसंबर।** जिले के भवरमरा गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है. घर में तीनों की जली हुई लाश मिली है. सिलेंडर बलास्ट से मौत होने की आशंका जताई जा रही है. मौके पर पुलिस और एफएसएल की टीम मौजूद है. मामला बसंतपुर थाना क्षेत्र का है.



जानकारी के अनुसार, भवरमरा में आज एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है. भगवत सिंह 40 साल, तनु सिंह 35 साल और भावीया सिंह 2 साल की मौत हुई है. बताया जा रहा है कि मृतक भागवत, किराना दुकान का चलाता था जबकि महिला गृहणी थी. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

### रायपुर-बिलासपुर समेत 23 मंडलों के डीआरएम बदले गये

**रायपुर,27 दिसंबर।** रेलवे बोर्ड ने एक साथ देश के 23 मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) का तबादला किया है। इस आदेश के तहत रायपुर और बिलासपुर मंडल के डीआरएम भी बदल दिए गए हैं। बिलासपुर मंडल के नए डीआरएम के रूप में राजमल खोईवाल को नियुक्त किया गया है। राजमल खोईवाल, जो वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे में NFHAG/IRSSE अधिकारी हैं, अब बिलासपुर मंडल का जिम्मा संभालेंगे। वे प्रवीण पांडे का स्थान लेंगे, जो अब तक बिलासपुर मंडल के डीआरएम थे। वहीं, रायपुर मंडल में नए डीआरएम के रूप में कोगंती संबसीवा राव को नियुक्त किया गया है। वे दक्षिण मध्य रेलवे में SAG/IRTS अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। कोगंती संबसीवा राव संजीव कुमार का स्थान लेंगे, जो अब तक रायपुर मंडल के डीआरएम थे।

### नगरीय प्रशासन विभाग में तबादले

**रायपुर,27 दिसंबर।** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां जोरो पर है. इसी बीच राज्य सरकार ने नगरीय प्रशासन विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला आदेश जारी किया है. विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक कई जगहों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर, लेखपाल सहित कई कर्मचारी इधर से उधर किए गए हैं।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत नेहरू नगर गुरुद्वारा के ठीक सामने एक अज्ञात वाहन ने अग्रवाल दंपति को ठोकर मार दी इस हादसे में श्रीमती अग्रवाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई सुपेला पुलिस ने अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया है पुलिस ने बताया कि अम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड निवासी राकेश अग्रवाल अपनी पत्नी कमलेश अग्रवाल के साथ दुर्ग से लौट रहे थे रात्रि 8.15 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने दोनों पति-पत्नी को ठोकर मार दी जिसके कारण श्रीमती कमलेश अग्रवाल की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि घायल अवस्था में पति राकेश अग्रवाल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है घटना के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया सूचना मिलने पर सुपेला पुलिस के द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

### दो युवकों पर ठगी का जुर्म दर्ज

**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई स्मृति नगर पुलिस ने बाजार चौक उतई निवासी समीर वर्मा और राहुल वर्मा द्वारा एक युवती से ठगी और ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया है। पहले आरोपितों ने अपने पिता की बीमारी का बहाना बनाकर रुपये लिए इसके बाद जब पीड़िता ने रुपये न होने की बात कही तो आरोपितों ने उसके न्यूड वीडियो के आधार पर ब्लैकमेलिंग शुरू कर दी जब पीड़िता के परिवार वालों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस से शिकायत की स्मृति नगर चौकी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की है पुलिस ने बताया कि आरोपित समीर वर्मा और पीड़िता एक साथ स्कूल में पढ़ते थे। इसके चलते उनकी अच्छी जान पहचान थी चार दिसंबर 2023 को आरोपित समीर ने पीड़िता को फोन कर कहा कि उसके पिता को लकवा मार गया है और ब्रेन हेमरेज हो गया है उसने इलाज के लिए मदद के तौर पर उससे रुपये मांगे पीड़िता विभिन्न किस्तों में उसे करीब दो लाख रुपये यूपीआइ के माध्यम से भेजे।

### महिला ने घर में खुदकुशी की

**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र कातुलबोर्ड निवासी 40 वर्षीय महिला ने अपने ही घर में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके पर पहुंची मोहन नगर थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल के मर्चुरी में पहुंचाया पोस्टमार्टम किया जाएगा पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है मोहन नगर थाना के एएसआई श्री पांडे ने बताया कि 40 वर्षीय महिला लता चंदेल सतनामी पारा चौक कातुलबोर्ड निवासी है वह नगर निगम में काम करती थी और कोई समूह भी चलाती थी मृतका का पति पिछले 5 वर्षों से उससे अलग रह रहा था उसका प्रधानमंत्री योजना के तहत एक मकान का काम उसके किराए के मकान के पास ही चल रहा था ।

### चाकू लहराते बदमाश गिरफ्तार

**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई बीती रात जामुल पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान वैशालीनगर के एक बदमाश को चाकू लहराते हुए दबोचा गया पुलिस आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया है। इस मामले पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 25 (1 बी), 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय ने बताया कि देर रात दो आरक्षक पेट्रोलिंग पर रवाना हुए वे जामुल हाउसिंग बोर्ड कुरूद पेट्रोलिंग करते एकता चौक जामुल पहुंचे थे तभी मुखबीर से सूचना मिली कि शक्ति निवासी केम्प 1, छावनी भिलाई का रहने वाला अपने पास अवैध रूप से छुरा लेकर छावनी चौक के पास घूम रहा है सूचना पर पुलिस टीम छावनी चौक पहुंची रिक्शा स्टैण्ड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर छुपने लगा पूछताछ करने पर अपना नाम शक्ति (26 साल ) निवासी अर्जुन नगर, केम्प - 1 का रहने वाला बताया जिसके पास से एक लोहे का धारदार छुरा बरामद किया गया है आरोपी के खिलाफ पूर्व में पांच मामले दर्ज है ।

### जीवन में सफल होने के लिए सहयोग और संतुलन जरूरी:प्राची



**भिलाई, 27 दिसंबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में चल रहे विंटर कार्निवल के दूसरे दिन वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने बच्चों को बताया कि जीवन में सफल होने के लिए सहयोग और संतुलन आवश्यक है,आज श्रेष्ठ सफल हर कोई होना चाहता है,लेकिन दूसरों को सहयोग करने की शक्ति नहीं है। प्रकृति का संतुलन बिगड़ा है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है प्रकृति को सहयोग करे। क्योंकि ये संसार प्रकृति कल आपके हाथों में होगी। इसका निर्माण करे। अपने मन को शांत और एकाग्र कर इसे संतुलित करे। इसी वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आज बच्चों को मेडिटेशन कराया गया। बच्चों को स्वमान(स्वयं की विशेषताओं के अवलोकन) हेतु स्व उन्नति का चार्ट दिया गया। जिसे बच्चे खुशी से आत्म चिंतन कर भर रहे है।

### निकाय चुनाव में मतदान करने लोगों को किया जा रहा जागरूक

**दुर्ग,27 दिसंबर।** नगर निगम।स्वीप अभियान के तहत जिला एवं निगम प्रशासन की तरफ से आयोजन किया गया। मानव श्रृंखला द्वारा वोटर लिखकर मानस भवन प्रांगण में मतदाताओं को जागरूक किया गया साथ ही साथ शपथ के माध्यम से संकल्प लिया गया कि वह सौ फीसदी मतदान करेंगे।इस अवसर पर स्थानीय निकाय आम चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जाबो (जागव वोटर) कार्यक्रम अंतर्गत व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।नगर निगम प्रशासन की ओर से निकाय चुनाव के लिए में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में जमीनी स्तर पर आम नागरिकों,नव मतदाताओं व महिला शक्ति को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# धान खरीदी केंद्र में अब 74155 मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,27 दिसंबर।** किसानों को समर्थन मूल्य पर धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिले में संचालित सभी 108 धान खरीदी केंद्रों पर प्रशासन की ओर से विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सोमवार को कवर्धा विकासखंड के ग्राम बीरकोन स्थित धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने केंद्र में उपलब्ध स्थान और धान के उठाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को धान के स्टैकिंग की ऊंचाई बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि स्थान की कमी न हो और धान का उठाव नियमित रूप से होता रहे। उन्होंने धान के उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने पर भी जोर दिया। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि निरंतर धान का उठाव सुनिश्चित करने से किसानों की परेशानी कम होगी और खरीदी प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए।कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को धान की खरीदी और उठाव की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं होनी चाहिए और किसानों को अपने धान की बिक्री में आसानी होनी चाहिए। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि धान का उठाव तेजी से हो, ताकि केंद्र पर जगह की कमी न हो और नई फसल की खरीदी लगातार चलती रहे। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र पर तौल मशीन, बारदानों की उपलब्धता, और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर धान खरीदी के संबंध में जानकारी ली। चर्चा के दौरान किसानों ने कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया पहले की तुलना में अब बेहतर हो रही है। तौल और भुगतान में सुधार से उन्हें राहत मिली है। कलेक्टर ने कहा कि धान उठाव में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही उन्होंने खाद्य विभाग और विपणन अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे खरीदी प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित करें।कलेक्टर ने कहा कि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कवर्धा जिले में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है, और प्रशासन की तत्परता से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसानों को कोई असुविधा न हो। खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम ने कलेक्टर को जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बिरकोना के उपार्जन केंद्र में अब तक 9253 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस प्रक्रिया में 256 किसानों ने अपना धान बेचा है। इन किसानों को अब तक 1 करोड़ 50 लाख 55 हजार रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र में धान खरीदी के लिए बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था है, और किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी श्री सचिन मरकाम, उप पंजीयक सहकारी श्री सतीष पाटले, नोडल अधिकारी श्री आरपी मिश्रा, डीएमओं श्री किशोर चंद्रा उपस्थित थे।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी महापर्व अंतर्गत शासन द्वारा किसानों के धान की खरीदी अभियान तेजी से प्रगति पर है। 14 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए इस अभियान में अब तक 70 हजार 670 किसानों से कुल 3,26,689 मेट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। जिले में मिलर्स द्वारा 24163 मेट्रिक टन एवं संग्रहण केंद्र के परिवहनकर्ताओं द्वारा 49992 मेट्रिक टन धान का उठाव हुआ है। इस प्रकार कुल 74155 मेट्रिक टन धान का उठाव उपार्जन केंद्रों से हो चुका है। जिले में 59801 मैट्रिक टन धान का डी ओ और 90032 मैट्रिक टन टी ओ जारी किया गया है।

# गांवों और शहरों के बाजार में प्लास्टिक थैलों का ज्यादा इस्तेमाल चिंता की बात







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,27 दिसंबर।** कबीरधाम जिले में कवर्धा , पोड़ी , बोड़ला , पांडातराई , सहसपुर लोहारा , पंडरिया में टमाटर खरीदना हो या धनिया पत्ती या हरी मिर्ची या आलू , प्याज खरीदने वाले ग्राहक कहते है भैया झिल्ली में धनिया पत्ती , टमाटर दे देना । अधिकतर लोग कपड़े का थैला लेकर बाजार नहीं जाते है जो की चिंताजनक है । निजी राशन दुकान में बिस्किट , कुरकुरे , चिप्स खरीदकर जाओ तो ग्राहक कहते है की भैया पॉलीथिन में बिस्किट , कुरकुरे , चिप्स रख देना । दुकानदार भी क्या करे । जिला प्रशाशन भी गंभीरता से कपड़े का थैला का प्रचार प्रसार पर ध्यान नहीं दे रही । सड़को ओर नालियों में झिल्ली फेंके हुए दिखते है और फिर कही कही झिल्ली को जला दिया जाता है जिससे वायु भी प्रदूषित होती है । जिला प्रशासन और नगर प्रशासन को प्लास्टिक मुक्त ओर कपड़े का थैला युक्त अभियान पर ध्यान देना चाहिए । भोरमदेव शक्कर कारखाना पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी और राइस मिल संचालक आनंद चंद्रवंशी और बिजनेसमैन चंद्रशेखर चंद्रवंशी ने पालीथीन मुक्त अभियान पर चर्चा करते हुए कहा की सभी लोगों से विनम्र अपील है की बाजार में खरीददारी करते समय कपड़े का थैला लेकर ही दुकानदार जाए और दुकानदार भी कपड़े का थैला में ही समान दे । जिससे की स्वच्छता भी बेहतर दिखेगा और जिला में प्रदूषण का भी असर नहीं होगा ।

### मोर जमीन मोर मकान के हितग्राही अपना ओटीपी अन्य व्यक्ति से न करें साझा

**भिलाई, 27 दिसंबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना मोर जमीन-मोर मकान के तहत प्राप्त आवेदनों की ऑनलाइन एन्ट्री प्रधानमंत्री आवास योजना के वेब यूनिफाइड पोर्टल में किया जाना है। आनलाईन एन्ट्री में आवेदक के मोबाइल में ओटीपी आता है। एन्ट्री की प्रक्रिया निगम कार्यालय/अनुबंधित वास्तुविद के माध्यम से किया जा रहा है। आवेदक के मोबाईल पर प्राप्त ओ.टी.पी. ऑनलाइन एंट्री करने वाले निगम के कर्मचारी को ही देवें। जो आपके घर में आकर फार्म भरवाया है आप उसको जानते हैं उसी को देना है। किसी अन्य बाहरी व्यक्ति को ना देवें। जिससे वह गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग न कर सकें, किसी अन्य व्यक्ति को ओ.टी.पी. साझा करने से आप फ्रॉड के शिकार हो सकते हैं। नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी नागरिकों से अपील की है कि शासन प्रशासन द्वारा बार-बार सूचना दी जा रही है। समाचार पत्रों मोबाइल में भी जानकारी आ रही है। अपनी ओटीपी या बैंक संबंधी किसी प्रकार के डिटेल किसी भी व्यक्ति को ना दे, फोन पर जानकारी कभी ना दें, संबंधित व्यक्ति को जानने के बाद ही जानकारी साझा करें। किसी प्रकार की संदेह होने पर आप निगम के संबंधित विभाग एवं अधिकारी से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### भूमिपूजन



**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में विकास कार्य की गति कॉफी तेजी से चल रहा हैं । नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने लगभग 22.65 लाख रूपये के विकास कार्य का भूमिपूजन कर जामुल की विकास यात्रा को लगातार जारी रखा हैं भूमिपूजन के अवसर पर नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि अध्यक्ष निधि से वार्ड क्र. 20 में 2.65 लाख रूपये सौंदर्यीकरण कार्य, वार्ड क्र. 19 में स्कुल तिराहा के पास 20.00 लाख रूपये से पथवे निर्माण कार्य किया जायेगा। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे नगर पालिका जामुल में अभी और अनेको प्रकार के विकास कार्य सभी वार्डो में संपादित होगा। भूमिपूजन के अवसर पर विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी अहिल्या वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि बिसेश्वर वर्मा, तुलाराम टंडन, बल्लू ठाकुर, हीरा सिंह ठाकुर एवं अन्य गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### कोक ओवेन एवं कोल केमिकल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित हुए कर्मचारी



**भिलाई, 27 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहेरा थे। बेहेरा ने शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित वरिष्ठ प्रबंधक हेमलाल धारेंद्र को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया तथा भूपेंद्र कुमार एवं इंजीनियरिंग असोसिएट राकेश कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया।

# गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों पर 9500 रुपये की चालानी कार्रवाई



**भिलाई, 27 दिसंबर।** नगर पालिक निगम के जोन-1 अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने व खरीदने को रोकने पर कार्यवाही लगातार जारी है। वार्ड क्र. 02 स्मृति नगर में विभिन्न व्यवसासियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर सामग्री बेचने एवं गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर नहीं देने वाले व्यापारियों पर चालानी कार्यवाही की गई। प्रमुख रूप से हैप्पी फास्ट फूड सेंटर 500, नैवेद्यम द बेसिक इंडियन फास्ट फूड 1100, तिरुमला ब्रेक फास्ट सेंटर 500, यू टेस्ट डब सेंटर 2000, महालक्ष्मी टी स्टाल 200, आर एस सैलून 1000, गौरव सेनेटरी एवं हार्डवेयर 700, वेदांश इंटरप्राईजेस 1000, स्कीजेर युनिसेक्स सैलून 1000, द स्ट्राईलैंड ब्यूटी पार्लर 1000 एवं गुड फूड सेंटर 500 रुपये की चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 9500 रुपये अर्थदंड वसूला गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यापारी सिंगल यूज प्लास्टिक में खाद्य सामग्री विक्रय कर रहे हैं या व्यवसाय परिसर, फल ठेला के आस-पास गंदगी फैला रहे हैं या फिर गीला एवं सूखा कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में नहीं डाल रहे हैं, उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही कर अर्थदंड वसूला जाए। व्यापारियों को बार-बार समझाइश देने के बाद भी कचरा पृथक कर नहीं दे रहे हैं एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं। शहर की साफ-सफाई में जो व्यापारी सहयोग नहीं कर रहे है। उन पर अर्थदण्ड की कार्यवाही लगातार की जा रही है। कार्यवाही के दौरान जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, अंजनी सिंह, संतोष हरमुख एवं स्वास्थ्य विभाग का दल उपस्थित रहा।

### सेक्टर-9 हॉस्पिटल में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य पर आरसीएच कार्यशाला आयोजित

भिलाई, 27 दिसंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरु



चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र में विगत दिनों प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करना विषय पर आरसीएच कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यपालक निदेशक डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एस मुखर्जी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रोशन हुसैन और अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शायला जेकब के नेतृत्व में यह कार्यशाला आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन सभी ने अपना पूर्ण समर्थन और सहयोग दिया।

### रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में निश्रेयस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाई, 27 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में निश्रेयस नामक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 24 दिसंबर को किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक टी.के. कृष्ण कुमार उपस्थित थे।

यह आयोजन मुख्य महाप्रबंधक टी. दस्तिदार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। फनींद्र वलेगा ने एन्कोडर्स के प्रकार, उनके कार्य सिद्धांत और अनुप्रयोगों पर प्रस्तुति दी। महाप्रबंधक श्रीमती समिधा गुप्ता, महाप्रबंधक बारवाल, उप- प्रबंधक मनीष दुआ एवं आरएसएम के सेक्शन इंचार्ज सुधीर सोर्टे, प्रशांत लाखे, सुदीप्तो चट्टोपाध्याय, आर. राजधर, विनय कुमार, आर.के. पवार, धुर्जाति सिन्हा और श्रीमती मोनीषा मिश्रा समेत अन्य कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

# महापौर परिषद की बैठक लिए गए अनेक निर्णय



**भिलाई, 27 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस क्षेत्र के राजहरा महिला समाज द्वारा विगत दिनों समाज सेवा के तहत, अपने आसपास के ग्राम जमरूवा एवं साल्हे के ग्रामीण जनों को ठंड से बचने के लिए 140 कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के अवसर पर राजहरा महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती रेखा सिंग गहरवाल ने कहा है कि राजहरा महिला समाज के द्वारा, समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा भिन्न कार्य किया जाता हैद्य हम ग्रामीण अंचलों में जाकर लोगों की जरूरत के हिसाब से आवश्यक सामग्री का वितरण करते हैंद्य हमारे संस्था की ओर से ग्रामीण अंचल में जाकर नेत्र शिविर लगाकर नेत्र जांच तथा चश्मा वितरण, स्वास्थ्य जांच संबंधित शिविर लगाकर स्वास्थ्य संबंधित जांच एवं दवाई का वितरण किया जाता हैद्य साथ ही आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाता है। राजहरा महिला समाज ने कई ग्राम पंचायत को विभिन्न आवश्यक सामग्रियों का वितरण भी किया हैद्य इस अवसर पर राजहरा महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती रेखा गहरवार सहित श्रीमती उषा रामटेक, श्रीमती आशालता मजगहे, श्रीमती आरती कापरे, श्रीमती प्रभा सिंह, श्रीमती प्रतिमा सिंह, श्रीमती मिनौती बास्के एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी शशांक राव, पर्यावरण अधिकारी ए के सार्वे और महिला समाज के केयर टेकर सोनउ राम साहू उपस्थित थे।

# सनातन धर्म की रक्षा के लिए घर-घर शहीद साहिबजादों की वीर गाथा पहुंचाना जरूरी: रिकेश



**भिलाई, 27 दिसंबर।** गुरु गोबिंद सिंह के छोटे पुत्रों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की अद्वितीय बहादुरी और बलिदान की याद में 26 दिसंबर को प्रतिवर्ष वीर बाल दिवस मनाया जाता है। गुरुद्वारा नानकसर नेहरू नगर में लगभग सौ बच्चों ने वीर बाल दिवस पर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की बहादुरी पर केंद्रित चित्र और पोस्टर बनाए। इस अवसर पर विधायक रिकेश सेन द्वारा 10वीं और 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाली मनप्रीत कौर (12वीं) को टेबलेट तथा अमनदीप सेंडो (10वी) को साइकिल से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत सभी गुरुद्वारा प्रमुखों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आज हम सभी वीर बाल दिवस पर सिख समाज के उन साहिबजादों की वीरता के लिए उनका पुण्य स्मरण कर रहे हैं जिन्होंने अपनी जान दे दी मगर धर्म परिवर्तन की शर्त को नहीं माना। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबसे पहले मैं आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में भारत देश में मनाने का निर्णय लिया। सिख समाज के बच्चों ने साहिबजादों के बलिदान और वीरता पर केंद्रित कविता और संगीतमय पाठ की प्रस्तुति दी। धर्म की रक्षा के लिए साहिबजादों का बलिदान हम सभी को अपने जीवन में न सिर्फ सबक की तरह अपनाना है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी यह बताना और समझाना होगा कि कभी भी अपने धर्म पर कोई आंच नहीं आने देना। सभी गुरुद्वारा प्रबंधकों से अनुरोध है कि वीर बाल दिवस की गाथा को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है ताकि हम अपने सनातन धर्म की रक्षा कर सकें तथा आर्थिक लालच देकर मतांतरण जैसे मामले समाप्त हों।

# कमलेश कारम ने इलमिडी धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया



**बीजापुर।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने गुरुवार को अचानक इलमिडी पहुंचे और वहां धान केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी तथा समाधान का भरोसा दिलाया इस मौके पर उनके साथ पूनेम सुकलू मारैया कडती गोपाल बुरका सहित किसान मौजूद रहे इस दौरान केंद्र के प्रबंधक से भी जानकारी ली

## निधन

### वाय अन्नपूर्णा



**भिलाई, 27 दिसंबर।** नगर पालिका निगम भिलाई के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य लक्ष्मीपति राजू की माता श्रीमती वाय अन्नपूर्णा पति वाय रामलु 75 वर्ष का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर दिन शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पार्षद लक्ष्मीपति राजू के निवास सेक्टर 7 से निकली और अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। श्रीमती वाय अन्नपूर्णा अपने पीछे पति वाय रामलु तीन पुत्रों में लक्ष्मीपति राजू, वाय भास्कर, वाय मुरली सहित बहू, नाती, पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

## एक नजर

### जिला साहू संघ की बैठक साहू सदन में 28 दिसंबर को



**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** बसंतपुर स्थित साहू सदन में 28 दिसंबर 2024 दिन शनिवार को समय एक बजे जिला साहू संघ की अति आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में रखी गई है।उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू ने बताया कि उक्त बैठक में संत शिरोमणी राजिम माता जयंती महोत्सव में शामिल होने व अन्य विषय पर बैठक में निर्णय लिया जायेगा।महामंत्री नीलमणी साहू ने शनिवार को आयोजित इस जरूरी बैठक में समस्त पदाधिकारी, अध्यक्ष, सचिव, तहसील एवं परिक्षेत्र पदाधिकारियों से नियत समय पर साहू सदन में उपास्थि की अपील की है।

### जोन-10 एवं 6 के जेडएचओ को ठेका निरस्त की कार्रवाई करने दिए निर्देश

**रायपुर 27 दिसंबर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार एवं अपर आयुक्त श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही द्वारा नगर निगम जोन क्रमांक 10 के जोन गैंग का एवं जोन क्रमांक 6 के वार्ड 59 के सफाई गैंग की स्वच्छता व्यवस्था औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कर्मचारियों की संख्या अत्यंत कम पाई गई, जबकि पूर्व में भी नोटिस एवं समझाइश दी गयी है, उसके बावजूद भी कोई सुधार नहीं पाया गया । चूंकि सफाई एवं स्वच्छता का क्षेत्र संवेदनशील और आमजनों के स्वास्थ्य से जुड़ा क्षेत्र होता है, जिसमें इस प्रकार संख्या कम रहने से सफाई व्यवस्था लगातार प्रभावित न होने पाए, अतः उक्त ठेका निरस्त करने की नियमानुसार प्रक्रिया के तहत कार्यवाही करने के लिए नगर निगम जोन 10 एवं 6 के जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है ।

### नगर निगम ने शहीद भगत सिंह चौक से बीटीआई ग्राउंड तक 50 ठेले, खोमचे हटाए

**रायपुर 27 दिसंबर।** आज नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग ने निगम मुख्यालय उड़न दस्ता एवं यातायात पुलिस के साथ मिलकर जोन 3 जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे के नेतृत्व सहायक अभियंता श्री सुशील अहीर की उपस्थिति में जनहित में जन सुविधा हेतु सुगम यातायात देने जोन 3 क्षेत्र में शहीद भगत सिंह चैक से बी टी आई ग्राउंड के सामने मार्ग पर अभियान चलाया एवं सड़क पर बिना अनुमति व्यवसाय कर रहे लगभग 50 ठेलों, खोमचों को हटाया, जिससे यातायात सुगम बन गया एवं नागरिकों को तत्काल राहत मिली. अभियान जनहित में जन सुविधा हेतु सुगम यातायात देने आगे भी जारी रहेगा।

### सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती के कार्यों को प्राथमिकता दें: आयुक्त

**रायपुर 27 दिसंबर।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक टीएल बैठक में कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती से सम्बंधित कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सभी प्रगतिरत विकास कार्यों में समयसीमा एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को प्रतिदिन सतत मॉनिटरिंग कर रायपुर शहर की सफाई व्यवस्था को राजधानी के अनुरूप बनाने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को पुख्ता तौर पर करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला स्तरीय नोडल अधिकारी किया नियुक्त

**धमतरी 27 दिसम्बर।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के तहत महापौर/अध्यक्ष पद पर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय (व्यय लेखा संधारण) से संबंधित कार्यों को संपादित करने के लिए प्रत्येक नगरपालिका के लिए व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया जाना है। इस संबंध में नगरीय निकाय के रिटर्निंग ऑफिसरों से व्यय संपरीक्षक नियुक्ति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन सुश्री नम्रता गांधी ने इसके परिपालन में निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) हेतु लेखाधिकारी श्री चंदन टंडन को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही अधिकारी, कर्मचारियों को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें नगरपालिक निगम धमतरी के लिए लेखापाल श्री संपत लाल पैकरा, नगर पंचायत मगरलोड के लिए सहायक ग्रेड 02 श्री जितेन्द्र कुमार नेताम, नगर पंचायत नगरी के लिए लेखापाल श्री बलकेश्वर दास सिन्हा, नगर पंचायत भखारा सहायक ग्रेड-01 श्री धनेश कुमार साहू, नगर पंचायत आमदी के लिए लेखाधिकारी श्री योगेश कुमार भोयर और नगर पंचायत कुरूद के लिए लेखापाल श्री जी.एस.पोटाई को व्यय संपरीक्षक नियुक्त किया गया है।

## निधन

### शिव कुमार राजपूत

**रायपुर।** चुनाभट्टी रमण मंदिर वार्ड निवासी शिव कुमार राजपूत(56) का शुक्रवार को निधन हो गया। वे कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वे देवकी के पति और शक्ति, शोभा और विक्रांत के पिता थे।



# कलेक्टर जनदर्शन में नहीं हो रहा है समस्याओं का समाधान

## नगरी के एक दिव्यांग व्यक्ति और 75 वर्ष की बूढ़ी महिला न्याय के लिए दर-दर भटकनें को मजबूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता, उत्तम साहू

**नगरी 27 दिसंबर।** जनता की समस्याओं को सुनने और उसका निराकरण करने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री जनदर्शन लगाकर प्रदेश के जनता की समस्याओं को सुन रहे हैं और इसका तत्वरित निराकरण किया जा रहा है, जो राज्य की लोकतांत्रिक सफलता का घोत्तक है पारदर्शी प्रशासन तथा विकासन्नोमुखी सरकार देने की नीति से छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन और विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है, जिसके कारण भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी कर्मचारी पर तत्काल कार्यवाही हो रही हैं, इसके विपरित धमतरी जिले में ना तो लोगों की समस्या का समाधान हो रहा है, ना तो भ्रष्टाचार की शिकायत पर कोई कार्यवाही हो रही है, सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को मजाक बना दिया गया है,

बता दें कि धमतरी के कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देने के बाद भी समस्या और शिकायत का समाधान नहीं हो रहा है, भ्रष्टाचार करने का पुख्ता प्रमाण होने के बाद भी



कार्यवाही नहीं होने से लोगों में निराशा व्याप्त है, और भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारी के हौसले बुलंद हैं,ऐसे में सवाल उठता है कि सरकार के मंशानुरूप आमजन के बीच कैसे सुशासन स्थापित होगा..?

कलेक्टर जनदर्शन में अधिकारी आवेदन लेकर अपना कर्तव्य पूरा कर लेते हैं इसके बाद आवेदन का निराकरण हुआ है कि नहीं इसे देखने वाला कोई नहीं है कलेक्टर जनदर्शन लगाकर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है, और आम जनता को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है,

(1) एक दिव्यांग व्यक्ति को न्याय के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है, जिला प्रशासन से लेकर वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी से समस्या का समाधान के लिए चक्कर लगा कर थक चुका है, इसके बाद जिला प्रशासन के द्वारा नगरी विकास खंड के ग्राम फरसियां में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था यहां पर उक्त दिव्यांग ने आवेदन दिया था लेकिन आजतक उसके आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुआ है,

(2) नगर पंचायत नगरी में तत्कालीन जनप्रतिनिधियों ने मिलकर नियम विरुद्ध कार्य कर नगर पंचायत की शासकीय जमीन को कुछ व्यक्तियों को बेच कर अवैध निर्माण कराया गया, जिसकी शिकायत उच्च स्तर पर किया गया था,जब शिकायत की जांच हुई तो इसमें जन प्रतिनिधियों को दोषी पाया गया था और नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा इस प्रकरण में दोषी पाए गए लोगों पर कार्यवाही करने के लिए लिखा गया था, लेकिन आज तक इन जनप्रतिनिधियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिसकी शिकायत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर फरसियां में किया गया है, इसके बाद भी आज तक ना तो अवैध निर्माण को तोड़ा गया है ना तो किसी दोषी जनप्रतिनिधि पर कार्यवाही हुआ है।

(3) नगरी के 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला मंजू बाई साहू के मकान को उसकी बहू ने फर्जी रूप से अपने पति का नाम करारोपन पंजी में दर्ज करवा दी है, इसकी जानकारी जब बेटे को हुई तो उन्होंने अपनी मां के नाम पुनः करारोपन पंजी में दर्ज करवाने आवेदन किया लेकिन नगर पंचायत के राजस्व अधिकारी ने नाम दर्ज करवाने के लिए 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई नहीं देने पर आज तक करारोपण पंजी में नाम दर्ज नहीं किया गया है जिसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में किया गया था लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है,

(4) शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरा (नगरी) के प्राचार्य ने स्कूल मेंटनेंस और बच्चों के लिए मिले राशि से लाखों का भ्रष्टाचार कर शिक्षा जैसे पवित्र स्थान को शर्मशार कर दिया है, इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में करने के पश्चात शिक्षा विभाग के द्वारा जांच कमेटी गठित कर जांच कराई गई है,

जांच टीम ने जांच के दौरान पाया है कि प्राचार्य ने भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए शासकीय मद की अधिकांश राशि केवल स्टेशनरी व कंप्यूटर रिपेयरिंग में खर्च किया गया है, इस संबंध में प्राचार्य अनिभा अग्रवाल को वरिष्ठ कार्यालय से दिनांक 10.6.2024 को कारण बताओ सूचना पर पत्र प्रेषित करने के बाद आगे की कार्रवाई रोक दिया गया है, ज्ञात हो कि प्राचार्य अनिभा अग्रवाल ने सिर्फ दो वर्ष 21.22.और 22.23.में 10 लाख रुपए से अधिक की राशि गबन किया है,

कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है, इसी तरह क्षेत्र के कई लोगों ने कलेक्टर जनदर्शन में समस्या और शिकायत कै? लेकर आवेदन दिया गया है लेकिन इसका समाधान अभी तक नहीं हो पाया है इसके कारण लोगों का भरोसा कलेक्टर जनदर्शन से उठ गया है,इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कलेक्टर जन दर्शन लगाकर वरिष्ठ अधिकारी सिर्फ औपचारिकता पूरी कर रहे हैं समस्या और शिकायत का समाधान के लिए अधिकारियों को फुर्सत नहीं है।

## जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच निर्वाचन के लिए नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने स्थान निर्धारित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के जनपद पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच निर्वाचन हेतु नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त करने स्थान निर्धारित किया गया हैं। साथ ही नाम निर्देशन प्राप्त करने एवं नाम-निर्देशन पत्र की आवश्यक व्यवस्था करने के लिए रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत राजनांदगांव के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 1 से 25 तक जनपद पंचायत सदस्य पद हेतु तहसील कार्यालय राजनांदगांव में नाम निर्देशन प्राप्त किया जाएगा। जनपद पंचायत सदस्य पद हेतु नाम निर्देशन प्राप्त करने तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर राजनांदगांव श्री मनीष कुमार वर्मा को नियुक्त किया गया है। राजनांदगांव जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सहसपुरदल्ली, अमलीडीह, बहेराभाठा, जूरलाखुर्द, कलेवा, नागलदाह, भैसातरा के सरपंच एवं पंच पद के लिए ग्राम पंचायत भवन सहसपुरदल्ली में नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री जीएस बरीहा को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत पटेवा, मासूल, इरईखुर्द, इरईकला, खजरी, बोटेपार, अउरदा के सरपंच एवं पंच पद के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय पटेवा में नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए उप अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल श्री प्रियम सिंह चौहान को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

ग्राम पंचायत खैरा ब, बाटगांव, हरडुवा, गिधवा, गोपालपुर के सरपंच एवं पंच पद के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय खैरा ब में नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्री संतलाल देशलहरे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत चारभाठा, बिजेतला, मोहंदी, बिरेझर, भदेरानवागांव, मुरमुदा, सलोनी के सरपंच एवं पंच पद के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय चारभाठा में नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए उप अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल श्री मनीष सहारे को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत उपरवाह, भेण्डरवानी, मुडपार गि, बरबसपुर, कलडबरी, डुमरडीहखुर्द, महरूमखुर्द, परसबोड, चवंरढाल के सरपंच एवं पंच पद के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय उपरवाह में नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए उप अभियंता जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती मंजूषा सोनी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत पदुमतरा, बासुला, डुमरडीहकला, खपरीखुर्द, धौराभाठा, डोम्हाटोला, रेंगाकठेरा के सरपंच एवं पंच पद के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय पदुमतरा में नाम निर्देश प्राप्त किया जाएगा। इसके लिए उप अभियंता जनपद पंचायत श्रीमती निलम चंद्राकर को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 27 दिसम्बर से 16 जनवरी तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह नवम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 27 दिसम्बर 2024 से 16 जनवरी 2025 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 27 दिसम्बर को बजरंगपुर वार्ड नं. 1 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में, पदुमलाल पुनालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में एवं 28 दिसम्बर को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व रामनगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिव मंदिर शांतिनगर में तथा राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह नवम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे।

## समाचार संक्षेप

### छुहीया रेंगाकठेरा डोंगरगढ़ में रासेयो के सात दिवसीय शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़ 27 दिसंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकठेरा पारा गांव खुर्द, मुसरा, सुकुलदैहान के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23/12/2024 दिन सोमवार को ग्राम छुहीया रेंगाकठेरा वि. ख. डोंगरगढ़ मे सात दिवसीय आवासीय शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य श्री जयचंद वर्मा श्री लक्ष्मी नारायण वर्मा सरपंच नरसिंह वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती अरुणा अंबादे शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रेंगाकटेरा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों तथा महत्व पर विचार रखें गए। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवस में ग्राम में नशा मुक्ति, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य हेतु लोगों को जागरूक करने की शपथ ली गई। उक्त शिविर में 205 स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारी श्री दानेश्वर लिलहारे, श्री पुनेश्वर साहू, श्री भानु प्रताप लोधी, श्रीमती सुनीता धुर्वे, एवं श्री अनिल कुमार जंघेल शामिल हुए।

### देश के प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम का कृषि कॉलेज में आयोजन



**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** एस.के.एस. कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन,सुर्गी राजनंदगांव में छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, मनकी के द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज के इंटर्न्स ने छात्रों का आयुर्वेदिक प्रकृति परीक्षण किया। इस परीक्षण के माध्यम से उनके वात, पित्त और कफ का विश्लेषण कर उनकी शारीरिक प्रकृति का निर्धारण किया गया, और इसके आधार पर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एस.के.एस. कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की डीन श्रीमती जे.एल. गांगुली और सहायक प्राध्यापक शिवाजी लिमजे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी शारीरिक प्रकृति (वात, पित्त और कफ) के अनुरूप सही स्वास्थ्य जानकारी प्रदान कर, उन्हें आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

### महापौर परिषद की बैठक में विकास कार्यो की दी गई स्वीकृति

**राजनांदगांव 27 दिसम्बर।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख की अध्यक्षता में महापौर परिषद की बैठक निगम स्थित महापौर कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियो को लाभ देने, इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्तिकर की दर में किसी प्रकार की वृद्धि न कर



पूर्ववत दर की स्वीकृति तथा नंदई फ्लाई ओव्हर के पास थोक मार्केट बनाने भूमि के पहुॅच मार्ग के बदले भू स्वामियों को बराबर सम्पत्ति देने के अलावा अन्य विषयो की स्वीकृति प्रदान की गयी। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को सहायता राशि भुगतान किये जाने की स्वीकृति तथा लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र आवेदनों की अनुशंसा सहित स्वीकृति हेतु सामान्य सभा को अग्रेषित किया गया। साथ ही नल घर मोहारा में कबाड के रूप में रखे अनुपयोगी समानों की नीलामी में प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा भूमि या भवन का वार्षिक भाडा मूल्य अवधारण के इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारण में किसी प्रकार की वृद्धि न कर पूर्व के वर्षो में निर्धारित दर से सम्पत्तिकर वसूली की स्वीकृति प्रदान की गयी। उन्होने बताया कि निगम की आय में वृद्धि करने नंदई फ्लाई ओव्हर के पास थोक मार्केट निर्माण के लिये भूखण्ड की प्रक्रिया लंबे समय से की जा रही है, जिसकी परिणिति उक्त भूमि के पहुॅच मार्ग में आ रही भूमि के दो भूस्वामी से चर्चा अनुसार भूमियों के सममूल्य के बराबर योजना क्षेत्रांतर्गत निकाय द्वारा सममूल्य के बराबर सम्पत्ति (दुकान/भूखण्ड) देने की स्वीकृति प्रदान की गयी, जिससे थोक मार्केट निर्माण अब आसान होगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार अन्य विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया।

## गुरु घासीदास का संदेश आज भी प्रासंगिक: सुदेश देशमुख

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 27 दिसंबर।** पूर्व महापौर सुदेश देशमुख ने टेड़ेसरा में सतनामी समाज के द्वारा आयोजित गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि संत बाबा का मनखे मनखे एक समान का संदेश आज भी प्रासंगिक है। आज जब समाज को जाति और धर्म में बांटने की कोसीसे हो रही है। आपसी वैमनस्य फैलाया जा रहा है। ऐसे दौर में मानवता का यह संदेश हर किसी को अपने जीवन में उतरने की आवश्यकता है। श्री देशमुख ने आगे कहा कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ के लाखों अनुयाई है। जो इस संदेश का निरंतर प्रचार प्रसार कर रहे हैं वह धन्यवाद के पात्र हैं। बौद्धिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से संत गुरु घासीदास के मानवता के संदेश से छत्तीसगढ़ की अलग ही पहचान बनी है। कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत ने ग्राम टेड़ेसरा सतनामी समाज के द्वारा आयोजित सतनाम भवन में संत शिरोमणि घासीदास जयंती को लेकर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि घासीदास के उपदेशों को आत्मसात करना चाहिए और अपने जीवन में उतरना चाहिए। इस अवसर पर आयोजित पंथी नृत्य ने सबका मन मोह



लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुदेश देशमुख, अध्यक्षता भागवत साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, पंकज बांधव महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, योगेन्द्र दास वैष्णव संयुक्त महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, नरेंद्र दास वैष्णव उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस राजनांदगांव, खिलेश्वरी साहू क्षेत्रीय जनपद सदस्य, पुनीत कुर्रे पूर्व जनपद सदस्य, दीना साहू सरपंच, देवलाल साहू उपसरपंच, चुम्मन निषाद महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, धर्मेन्द्र साहु मीडिया प्रभारी, सुनील कोठारी, पुनीत कुर्रे, पिंकी कोठारी, गुरु दयाल, जेठू कुर्रे, गागेशवरी कुर्रे पंच, संजू बघेल, विश्राम कोठारी, पोषण कुर्रे, लक्ष्मण कोसरे सहित सतनामी समाज के गाना माना नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## साहिबजादों ने साहस का परिचय देते हुए मुगलों का सामना किया:प्राचार्य

**धमतरी 27 दिसम्बर।** बाबु छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना व राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वावधान में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सिख समुदाय के अध्यक्ष सरदार जगजीवन सिंह सिद्धू ने सिखों के अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के अनुकरणीय साहस की कहानी बताते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह ने सन 1699 में धार्मिक उत्पीड़न से सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने के उद्देश्य से खालसा पंथ की स्थापना की थी। गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्र अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह, सभी खालसा का हिस्सा थे। उन चारों को 19 वर्ष की आयु से पहले मुगल सेना द्वारा मार डाला गया था.वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है। विशिष्ट अतिथि सिख समुदाय के सचिव सरदार जसपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि जोरावर सिंह और फतेह सिंह दोनों साहिबजादों को मुगलों ने इस्लाम धर्म नहीं कबूलने पर क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार नागरिकों, विशेष रूप से छोटे बच्चों को सिखों के अंतिम गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों के अनुकरणीय साहस की कहानी के बारे में बताने के लिए पूरे देश में संवादात्मक और सहभागी कार्यक्रम आयोजित कर रही है, जिन्होंने अपनी आस्था की रक्षा के लिये प्राण न्योछावर कर दिए थे। इस बीच सिख समुदाय के साहिबजदों की कहानी को प्रोजेक्टर की सहायता से समझाया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो आकांक्षा मरकाम ने मंच संचालन एवं डॉ ए के सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### देश के महान राजनेता, एक अच्छे लेखक, कवि और साहित्यकार

## अटल बिहारी वाजपेयी के बहुआयामी विचार से देश को मिल रही दिशा:संतोष पाण्डेय

**राजनांदगांव 27 दिसम्बर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती तथा सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर जिले में अटल परिसर के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए तथा वर्चुअल माध्यम से राजनांदगांव जिले में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने आज राजनांदगांव शहर के वर्धमान नगर में अटल परिसर का भूमि पूजन किया तथा कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आज प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर का भूमि पूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे व्यक्तित्व हैं, जिनका दुनिया लोहा मानती रही। उनका व्यक्तित्व इतना सशक्त था कि न केवल पक्ष बल्कि विपक्ष के भी जनप्रतिनिधि उनके प्रति सम्मान रखते



थे। सांसद श्री पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री पीवी नरसिम्हा राव ने विपक्ष के मंत्री होने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री अटल बिहारी वाजपेयी को दायित्व सौंपा। जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। उन्होंने बताया कि स्टेट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यक्रम का संचालन करने तथा सुनने का अवसर मिला। तत्कालीन सांसद श्री प्रमोद महाजन कहा करते थे कि कुशल वक्ता को श्री अटल बिहारी जैसा होना चाहिए। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि श्री अटल बिहारी जी देश के महान राजनेता, एक अच्छे लेखक, कवि और साहित्यकार थे। उनकी राष्ट्रीय कविताओं का उल्लेख साहित्य में मिलता है। उनके बहुआयामी विचार एवं सोच इस तरह है कि संकट के समय जब हम इतिहास के पन्ने पलटेंगे तो राहत मिलेगी और देश को दिशा मिलेगी। उनकी कविताओं को हम आज भी सुनते हैं और आत्मसात करते हैं। गीत नया गाता हूं, हार नहीं मानूंगा रार नहीं ठानूंगा.., तेरा वैभव अमर रहे माँ हम रहे या न रहे.. जैसे उनकी प्रेरक पंक्तियां आज भी हमारा मनोबल बढ़ाती हैं। सांसद श्री संतोष पाण्डेय ने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र की सेवा अंतिम सांस तक करने का संदेश दिया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए कहा कि एक देश में दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे, कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोड कनेक्टीविटी के लिए कार्य किया। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पोखरण में परमाणु परीक्षण हुआ तो विश्व में भारत का प्रभाव बढ़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अस्त्र-शस्त्र आवश्यक है। देश में उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने धरती, आकाश, पाताल में विभिन्न तरह के वैज्ञानिक परीक्षण पनडुब्बी, विभिन्न मिसाईल, पोत, लड़ाकू विमान से भारतीय सेना को मजबूत किया तथा विश्व शक्ति बनने की ओर हमारा देश अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी उनके सपने को पूरा करने के लिए कार्य कर रहे हैं। वर्ष 2047 तक राष्ट्र को शिखर तक ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के शासन में नगरीय क्षेत्रों में कार्यों में तेजी आयी है और सभी कार्य समय पर हो रहे हैं।

राज्य विधानसभा चुनाव होते हैं तो राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए चुनाव के ठीक पहले जनता से तरह तरह के वादे करते हैं और कहते हैं कि हमारी सरकार बनी तो यह वादे पूरे किए जाएंगे।ज्यादातर राजनीतिक दल चुनाव घोषणा पत्र में यह वादे करते हैं। यह चुनाव घोषणापत्र राजनीतिक दल चुनाव के पहले जारी करते हैं। कई बार राजनीतिक दल के नेता भी चुनाव के पहले किसी योजना की घोषणा करते हैं और कहते हैं कि सरकार बनने पर इस योजना के तहत जनता को यह लाभ दिया जाएगा लेकिन किसी राज्य में ऐसा नहीं हुआ जैसा दिल्ली में हुआ है।दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल इन दिनों जिन योजनाओं का प्रचार कर रहे है, दिल्ली सरकार ने उन योजनाओं को ही फर्जी करार दे दिया है।इससे राज्य में अजीब स्थिति पैदा हो गई है किसी को समझ नहीं आ रहा है किसी राज्य में ऐसा नहीं हुआ तो दिल्ली में ऐसा क्यों हुआ। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने 12 दिसंबर को महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए देने व चुनाव के बाद इसे 2100 रुपए देने का वादा किया। इसी तरह 18 दिसंबर को 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को सरकारी व निजी अस्पताल में मुफ्त इलाज की संजीवनी योजना शुरू की। ऐसा कई राज्यों में चुनाव के पहले राजनीतिक दलों के नेताओं और सरकारों ने किया है। किसी राज्य में योजना से संबंधित सरकारी विभाग ने विज्ञापन जारी नहीं कहा है कि पूर्व सीएम ने जो घोषणा या वादे किए हैं, वह फर्जी है, सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही है।दिल्ली सरकार के महिला व बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य एव परिवार कल्याण विभाग ने विज्ञापन जारी कर लोगों को बताया है कि सरकार ऐसी कोई स्कीम नहीं चला रही है। दोनों विभाग ने दिल्ली के लोगों को आगाह किया है कि अस्तित्वहीन योजनाओं में पंजीकरण के नाम पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। कोई व्यक्ति या राजनीतिक दल ऐसे फार्म भरवाता है या जानकारी लेता है तो यह धोखाधड़ी है। मप्र व महाराष्ट्र में सरकार ने चुनाव के पहले महिलाओं को सम्मान निधि देने की घोषणा तथा चुनाव के पहले दिया और सरकार बनने पर चुनाव के बाद भी दिया। यहां घोषणा सीएम ने की थी, सरकारी विभागों को इसके लिए पैसा दिया गया,इसलिए यह सरकार की योजना मानी गईं। इस पर कोई विवाद सरकार व विभागों के बीच नहीं हुआ। मप्र व महाराष्ट्र से दिल्ली की स्थिति अलग है। क्योंकि मप्र म महाराष्ट्र में सारे अधिकार सरकार के पास होते हैं लेकिन दिल्ली में कई बातों के लिए सरकार को एलजी से अनुमति लेनी पड़ती है। क्या दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने बिना एलजी के अनुमति के चुनाव के पहले दो योजनाओं की घोषणा कर दी इसलिए एलजी के इशारे पर संबंधिक सरकारी विभागों ने विज्ञापन छपवाकर साफ कर दिया कि यह विभाग की घोषणा

## संपादकीय

# पहली बार किसी राज्य में ऐसा हुआ है

नहीं है। क्या केजरीवाल से चूक हो गई। यह घोषणा दिल्ली की सीएम आतिशी को करनी थी क्योंकि दिल्ली की सीएम अब केजरीवाल नहीं है, दिल्ली की सीएम आतिशी है। इस नाते चुनाव के पहले दोनों योजनाओं की घोषणा दिल्ली की सीएम आतिशी को करनी थी और इसकी घोषणा करने के पहले एलजी से अनुमति भी लेनी थी। क्योंकि इस योजना में पैसा खर्च होगा। उसकी व्यवस्था करनी होगी, देखना होगा इस योजना के लिए सरकार के पास पैसा है या नहीं । अरविंद केजरीवाल दिल्ली सीएम के पद से इस्तीफा दे चुके हैं, उनकी जगह आतिशी अब दिल्ली की सीएम है तो सीएम के नाते उनको वह सब काम करना चाहिए जो सीएम को करने है, लेकिन केजरीवाल आप के संयोजक है, पूर्व सीएम है, लेकिन हकीकत में खुद को वही अब भी सीएम समझते हैं, इसलिए उनसे यह चूक हो गई है कि जो काम दिल्ली के सीएम को करना था, वह काम केजरीवाल ने किया। इससे एलजी को मौका मिला अरविंद केजरीवाल को सबक सिखाने का और उन्होंने सबक सिखा दिया है कि दिल्ली में बहुत कुछ तो उनकी अनुमति से ही होगा। दिल्ली में वह सब नहीं होगा जो केजरीवाल चाहते हैं।केजरीवाल भूल गए थे कि वह अब दिल्ली के सीएम नहीं है, दिल्ली में अब कुछ भी उनकी मर्जी से नही होगा। वह सीएम को जो काम करना था, वह काम खुद कर बैठे तो एलजी ने अरविंद केजरीवाल को याद दिलाया है कि वह अब दिल्ली के सीएम नही है, इसलिए वह काम करने का प्रयास न करें जो काम दिल्ली की सीएम को करना है।केजरीवाल की जरा सी चूक के कारण आप को चुनाव में बड़ा झटका लग गया है। कहां केजरीवाल को दोनों योजनाओं के लिए सोमवार से फार्म भरवाना शुरू करना था, कहां सरकारी विभागो ने योजना को फर्जी बता दिया है। साफ कर दिया है कि विभाग ने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई है। इसलिए कोई विभाग की योजना के नाम पर किसी तरह का फार्म भरवाता है, लोग न भरें, इसका सीधा मतलब है कि यदि भविष्य में इस योजना के नाम पर कोई फर्जीवाड़ा होता है। उसके लिए दोनों विभाग जिम्मेदार नहीं होंगे। इससे अरविंद केजरीवाल जिन दो योजनाओं के जरिए चुनाव जीतन का सपना देख रहे थे, वह दोनों योजनाएं की संदिग्ध हो गई हैं। पहले यदि सौ में पचास प्रतिशत लोग इन दोनों योजनाओं पर भरोसा करते तो अब दस बीस प्रतिशत ही लोग भरोसा करेंगे यानी चुनाव के पहले केजरीवाल को एलजी ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। भाजपा व कांग्रेस को मौका दिया है कि वह केजरीवाल के खिलाफ आक्रामक प्रचार करें। दोनों ने केजरीवाल पर हमला शुरू कर दिया है। भाजपा की तरफ से कहा गया है कि केजरीवाल दिल्ली की जनता को धोखा दे रहे हैं।केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी हार को देखते हुए अब फर्जी घोषणाए कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने आप सरकार व केंद्र के काले कारनामों के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि दिल्ली की दुर्दशा के लिए दोनों जिम्मेदार हैं। कुल मिलाकर एलजी ने केजरीवाल को जोर का झटका दिया और एहसास करा दिया है कि केजरीवाल के लिए इस बार चुनाव जीतना पहले की तरह आसान नहीं है। उनको चुनाव जीतने के लिए कदम कदम पर भाजपा कांग्रेस के साथ ही एलजी की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वह चुनाव जीतने के लिए योजनाएं बनाएंगे तो उनको फेल कर दिया जाएगा। उनकी योजनाओं पर सवालिया निशान लगा दिया जाएगा। जब भाजपा व कांग्रेस दोनो केजरीवाल के खिलाफ अभियान चलाएंगे तो केजरीवाल का पुराना जादू इस बार नहीं चलने वाला है। वह जो कहेंगे उस पर जनता पहले की तरह विश्वास नहीं करने वाली है।

यादें

सुनील कुमार महला

# 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी...न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।'

26 दिसंबर 2024 को आर्थिक सुधारों के पुरोधा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री( 14 वें) डॉ.मनमोहन सिंह का हमारे बीच से 92 वर्ष की उम्र में अवसान हो गया। सभी जानते हैं कि डॉ सिंह एक प्रख्यात अर्थशास्त्री थे जिन्होंने



अपने नीतियों और नेतृत्व से भारत को आर्थिक और वैश्विक ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सच तो यह है कि उनके आर्थिक सुधारों को पूरी दुनिया ने लोहा माना है।सच तो यह है वे देश में उदारीकरण लेकर आए।कहना गलत नहीं होगा कि वे सादगी, विनम्रता और विद्वता की मूरत थे। अविभाजित भारत के पंजाब में 26 सितंबर 1932 को जन्मे डॉ सिंह ने कैम्ब्रिज और आक्सफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटीज से अपनी पढ़ाई पूरी की थी। श्री गुरमुख सिंह और श्रीमती अमृत कौर के घर जन्मे सिंह ने 1948 में पंजाब में अपनी मैट्रिक की पढ़ाई पूरी की। कैंब्रिज से उन्होंने 1957 में अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद 1962 में उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नाफील्ड कॉलेज से अर्थशास्त्र में ह्यडी.फिलह्न की उपाधि प्राप्त की।उन्होंने योजना आयोग उपाध्यक्ष ( अब नीति आयोग), भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई) गर्वनर, और आर्थिक सलाहकार जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया और भारतीय अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी थी। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के तहत 2006-2007 में भारत ने 10.08% की वृद्धि दर दर्ज की थी। यह 1991 में अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद से भारत में दर्ज की गई सबसे अधिक जीडीपी थी। उच्चतम जीडीपी वृद्धि दर 2006-2007 में 10.08% थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि मनमोहन सिंह ने जुलाई, 1991 के बजट में अपने प्रसिद्ध भाषण में कहा था, ह्यपृथ्वी पर कोई भी ताकत उस विचार को नहीं रोक सकती जिसका समय आ गया है। मैं इस प्रतिष्ठित सदन को सुझाव देता हूं कि भारत का दुनिया में एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय होना चाहिए, यह एक ऐसा ही एक विचार है।' वे वित्त मंत्रालय में सचिव, प्रधानमंत्री के सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे। वर्ष 1991 से 1996 तक वे भारत के वित्त मंत्री रहे और इस दौरान उन्होंने अनेक आर्थिक सुधार किए। पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 1987 और 1990 के बीच जिनेवा में दक्षिण आयोग के महासचिव के रूप में उनकी नियुक्ति हुई तथा 1971 में, डॉ. सिंह वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार में आर्थिक सलाहकार तथा वर्ष 1972 में वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में उनकी नियुक्ति हुई। यदि हम यहां उनके राजनीतिक करियर की बात करें तो डॉ.मनमोहन सिंह 1991 से भारत के संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) के सदस्य रहे, जहां वे 1998 से 2004 के बीच विपक्ष के नेता थे। उल्लेखनीय है कि वे पहली बार 1991 में राज्य सभा के लिए चुने गए थे और उन्होंने उच्च सदन में पांच बार असम और 2019 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।पाठक जानते हैं कि वे वर्ष 2004 से लेकर वर्ष 2014 तक यूपीए सरकार में प्रधानमंत्री रहे। यह भी उल्लेखनीय है कि उन्होंने 22 मई 2004 को प्रथम बार और 22 मई 2009 को दूसरी बार पीएम पद की शपथ ली थी। उल्लेखनीय है कि वह जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी के बाद चौथे सबसे लंबे समय तक पीएम



पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे।वे भारत के पहले सिख प्रधानमंत्री भी थे। अपने दस साल के प्रधानमंत्री काल में उन्होंने देश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई), सूचना का अधिकार (आरटीआई, वर्ष 2005), विश्व की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा योजना( वर्ष 2005) समेत तमाम कई बड़े फैसले लिए, जो अपने आप में एक मिसाल है। उल्लेखनीय है कि 'आधार योजना' भी उनके ही कार्यकाल में शुरू की गई थी। कहना गलत नहीं होगा कि आधार योजना से भारतीयों को नव पहचान मिली और इससे आमजन की विभिन्न सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान और सरल हो गई। साथ ही कई पहचान पत्रों की जगह इस एक पहचान पत्र आधार कार्ड ने लोगों का जीवन आसान किया। इतना ही नहीं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) यानी कि लोगों के खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर करने की प्रणाली भी उनके ही कार्यकाल की देन है जिससे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लगी और लोगों तक सरकारी सहायता सीधे पहुंचने लगी। कहना गलत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका परमाणु समझौता भी डॉ. सिंह के कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 2008 की आर्थिक मंदी के झटकों से भी उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकते हुए उसे उबारा था। पाठकों को बताता चलूं कि उन्होंने 'भारत के निर्यात रुझान और स्व-संचालित विकास की संभावनाएं' शीर्षक से किताब भी लिखी थी, जिसमें उन्होंने भारत की अंतमुर्खी व्यापार नीति की आलोचना की थी। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय और प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में फैकल्टी के रूप में तथा यूएनसीटीएडी( अंकटाड) यानी कि (व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) में 1966-1969 तक सचिवालय में भी काम किया। 1969 से 1971 तक, सिंह दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रोफेसर भी रहे। पुरस्कारों और सम्मानों की यदि बात करें तो उन्हें 1987 में भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण, वर्ष 1995 में उन्हें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार, वर्ष 1993 और 1994 वर्ष के वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार, वर्ष 1993 वर्ष के वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का एडम स्मिथ पुरस्कार और कैम्ब्रिज में सेंट जॉन्स कॉलेज में विशिष्ट प्रदर्शन के लिए राइट पुरस्कार (1955) प्रदान किये गए थे। इतना ही नहीं उन्हें कैम्ब्रिज और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालयों सहित कई विश्वविद्यालयों से मानद उपाधियां प्राप्त हुईं थीं। उन्होंने अनेक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और संगठनों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है। गौरतलब है कि साइप्रस में राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक (वर्ष 1993) और वर्ष 1993 में वियना में मानवाधिकारों पर विश्व सम्मेलन में उन्होंने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि मनमोहन सिंह की छवि बेशक बहुत ही कम बोलने वाले और अधिकतर शांत रहने वाले व्यक्तियों में की जाती रही है, लेकिन जब भी वे बोलते थे, वो सुर्खियां बन जाती थीं। मसलन,27 अगस्त 2012 को संसद में उन्होंने यह कहा था कि 'हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी है...न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।' इतना ही नहीं, 23 मार्च 2011 को नेता विपक्ष श्रीमती सुषमा स्वराज के एक तंज पर जवाब में मनमोहन सिंह ने कहा था- 'माना के तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक तो देख मेरा इंतजार तो देख।' बहरहाल, अंत में यही कहूंगा कि भले ही आज डॉ सिंह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वे देश-दुनिया के प्रतिष्ठित नेताओं में से एक हैं। आर्थिक नीतियों के संबंध में उन्होंने देश ही नहीं अपितु विदेशों पर एक गहरी और अमिट छाप छोड़ी है। उनको शत-शत नमन, विनम्र श्रद्धांजलि।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए नौकरी के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने कामों में अपनी चलायी, तो आपकी समस्याएं बढ़ेगी। किसी नए काम में आप सोच समझकर हाथ बढ़ाएं। आपके व्यवसाय में कुछ दिक्कतें आ सकती हैं। आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिलने से खुशी होगी। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लग सकता है। आपका कोई काम बिगड़ने से थोड़ी समस्याएं आ सकती है।

वृष- आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र के कामों में कुछ व्यवधान महसूस करेंगे, जिसके लिए आप अपने बॉस से बातचीत कर सकते हैं। राजनीति में आपको थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाना होगा। किसी नए काम की शुरूआत आप सोच समझकर करें, तो बेहतर रहेगा। किसी दूसरे के मामले में आप बेवजह ना बोले। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ किसी कोर्स तैयारी भी कर सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों में यदि अपने सहयोगियों से कोई मदद की आवश्यकता होगी, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगी। परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से कोई सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है, जिसमें सभी लोग व्यस्त नजर आएंगे। आपको लोगों की भावनाओं का सम्मान करना होगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

कर्क- आज का दिन आपके लिए अपने भविष्य को लेकर कोई बड़ा प्लान करने के लिए रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को लेकर आप किसी डेट पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आपने यदि जीवनसाथी से कोई बात छुपाकर रखी थी, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है। आपको अपने सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। किसी नए काम में आप सोच समझकर हाथ बढाएं, क्योंकि उसमें कुछ समस्याएं आ सकती हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपकी कुछ खास व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आपकी सोचसमझ से काम पूरे होंगे। दीघार्कालीन योजनाओं को गति मिलेगी। आपके सरकारी नौकरी के प्रयास भी बेहतर रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय पारिवारिक समस्याओं को सुनने में व्यतीत करेंगे, जिससे सदस्यों में मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न भी हो सकती है। आपको जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी को लेकर आपकी कुछ समस्याएं बढ़ेंगी। आपको कानूनी मामलों में पड़ने से बचना होगा। अपने कर्जो को भी उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। संतान के स्वास्थ्य को लेकर आपको कोई टेंशन बनी रहेगी, जिसके लिए आप कुछ टेस्ट भी करवा सकते हैं। आपको अपने बिजनेस में कुछ योजनाओं के पूरा करने में भी समस्या आएगी। आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखना होगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको अपने माता-पिता की सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ उतार-चढ़ाव अवश्य आएगा, लेकिन फिर भी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आप अपनी आवश्यकताओं की खरीदारी आसानी से कर पाएंगे। आप यदि किसी से कोई मदद लेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से सावधान रहना होगा। आपका मन इधर-उधर के कामों में ज्यादा लगेगा, जिससे आप अपने कामों को समय से पूरा करने की कोशिश तो करेंगे, लेकिन उनमें समस्याएं आएंगी। आपका आलस्य आपको समस्या देगा। संतान की पढ़ाई-लिखाई से ध्यान हटने से उन्हें निराशा हाथ लग सकती है। आपकी तरक्की के मार्ग में आ रही बाधाएं दूर होगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी, जिसे आप अपने बिजनेस को भी आगे तक ले जाने की पूरी कोशिश करेंगे। आपके पिताजी आपको कोई नया काम करने की सलाह दे सकते हैं। नौकरी में आपको यदि कोई समस्या चल रही थी, तो आप बदलाव के बारे में सोच सकते हैं, जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उन्हें किसी सहयोगी के साथ जाने का मौका मिलेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। यदि आप किसी शारीरिक कष्ट को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आपको बिजनेस में आपका डूबा हुआ धन मिल सकता है। भाई-बहनों से यदि प्रॉपर्टी को लेकर कोई लड़ाई-झगड़े की स्थिति बन सकती है, तो उसमें आप अपने बड़े सदस्यों से सलाह अवश्य करें। आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे आपको घबराना नहीं है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं को लेकर आने वाला है। आपको अपने किसी बिजनेस पार्टनर से कोई वाद-विवाद होने की संभावना है। आपको किसी कानूनी मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपको निराश हो सकती है। किसी प्रॉपर्टी में आप बहुत ही सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करें, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। कोई नया काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा।

मीन- आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए बेहतर रहेगा, क्योंकि उन्हें कोई बड़ा ऑर्डर मिलने की संभावना है। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने किसी काम को पूरा होने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी पूरा होता दिख रहा है। आपके घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। राजनीति में कदम बढ़ाना आपके लिए कुछ नई समस्याएं खड़ी कर सकता है, इसलिए आप किसी के कहने ने में आकर कोई कदम ना उठाएं।

## सभ्यता का नया रंग

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



आजकल सभ्यता की परिभाषा बदल गई है। पहले जहां हम उसे केवल शिष्टाचार, विनम्रता और मानवता से जोड़ते थे, वहीं अब यह स्मार्टफोन, ट्रैफिक सिग्नल, और सुसज्जित मॉल्स तक सीमित हो गई है। जैसे-जैसे हम आधुनिक होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे सभ्यता के उच्च मानक भी गुम हो रहे हैं। अब सभ्यता का मतलब है, बड़े-बड़े बिलबोर्ड्स के बीच से गुजरते हुए, बिना सड़क पर बिखरे गड्ढों में गिरने के डर के स्मार्टफोन में व्यस्त रहना। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है हमारे महान नगर निगम द्वारा सड़कें बनवाना, और उन सड़कों पर जल्द ही खड्डे बनाना। आखिरकार, सब कुछ स्मार्ट हो गया है, सिवाय हमारी सड़कों के। और तो और, एक समय था जब लोग अपने पड़ोसियों से बात करते थे, घर में दरवाजे खुले रहते थे, और रिश्ते दिलों से जुड़ते थे। अब तो सोशल मीडिया पर दोस्ती का नया तरीका है। हम किसी को केवल 'फॉलो' करते हैं, जैसे हम अपने नेताओं को चुनाव के समय 'फॉलो' करते हैं। हमें उनके हर कदम पर नजर रखनी होती है, चाहे वो सही हो या गलत, हमें तो बस उनकी लाइक चाहिए। वह क्या कहते हैं न, ₹आपका लाइक हमारी जिंदगी का हिस्सा है।₹ और हां, अगर किसी का लाइक न मिले तो समझिए, सभ्यता का स्तर गिरा है। आजकल का सबसे बड़ा संघर्ष यही है कि लोग सच्चाई से अधिक 'इंस्टाग्राम ट्रूथ' पर विश्वास करने लगे हैं। फोटो को फिल्टर करने की कला, अब शहरी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है। जैसे किसी का चेहरा एकदम बेधड़क सुंदर हो, वैसे ही उसकी जिंदगी भी बस 'हैप्पी एंडिंग' होनी चाहिए। लेकिन क्या मजा अगर हम उस सचाई को देखें, जिसमें सच्चे लोगों का चेहरा कभी-कभी बिना फिल्टर के थोड़ा थका-हारा सा दिखता है? अब अगर हम बात करें धर्म की, तो एक समय था जब लोग मंदिर में जाते थे और प्रार्थना करते थे। अब लोग मंदिर की बजाय ₹स्मार्ट पूजा₹ के एप्स डाउनलोड कर रहे हैं। ध्यान नहीं, बस एक क्लिक किया और पूजा हो गई। भगवान से क्या कहें, वह भी अब स्मार्टफोन की स्क्रीन पर ही दिखाई देते हैं। पहले जो बात न समझ में आती थी, वह अब ऐप्स की मदद से समझ आ जाती है। सोचिए, भगवान भी कितने वर्चुअल हो गए हैं! शहर में विकास की गति भी कुछ इसी तरह की है। विकास की योजनाएं बनने के बाद, जैसे ही काम शुरू होता है, वैसे ही जरा सी बारिश होती है और सड़कें फिर से खोद दी जाती हैं। लोग कहते हैं, ₹अरे, ये तो निमार्णाधीन है।₹ लेकिन सवाल ये उठता है कि ये निमार्णाधीन कब तक रहेगा? जब तक हमारा प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री खुद नहीं आएंगे, तब तक हमारे शहर की सड़कें कभी नहीं बनेंगी। अब यह कौन सा 'समाजवादी विकास' है, जो बारिश और धूल के बीच में होता है? किसी जमाने में किसी ने कहा था, सभ्यता के लिए नहीं, इंसानियत के लिए जीना चाहिए। लेकिन अब तो हम सिर्फ स्मार्टफोन के लिए जीने लगे हैं। इंसानियत की बात तो जैसे किताबों में ही रह गई हो। समाज में जहाँ एक ओर लोगों की मदद करना एक पुण्य कार्य माना जाता था, अब वही काम 'प्रेरक वीडियो' में बदल गया है। वह वीडियो देखकर हमें लगता है कि जैसे हमने किसी अनाथ बच्चें को बिस्किट दिया हो, और हमें एक झटका सा एहसास होता है कि हमारी सभ्यता शायद कहीं खो गई है। हमारे शहरीकरण में तो कुछ ज्यादा ही सुधार आ गया है। अब शहरों में सब कुछ है - मॉल, रेस्त्रां, पार्क, फ्लाईओवर, लेकिन हरियाली और शांति का नामोनिशान नहीं। पहले जो खेत-खलिहान थे, वे अब शानदार अपार्टमेंट्स में बदल गए हैं। अब किसी को यह नहीं पता कि एक समय था जब बच्चे खेलते थे, और किसान हल में अपना पसीना बहाते थे। अब तो हर आदमी स्मार्टफोन में गाने सुनता है, और खेतों में सायनाइड डालने की बात करता है। इसी तरह से, हमारे समाज में अब शिष्टाचार की बजाय 'आधुनिकता' का नया मतलब है। हर कोई बस एक दूसरे से ज्यादा स्मार्ट बनने की होड़ में लगा हुआ है। कुछ साल पहले तक किसी का नाम सम्मान था, अब उसका 'ब्लू टिक' बड़ा सम्मान हो गया है। लोग अब नाम नहीं, एक दूसरे के सोशल मीडिया प्रोफाइल को देखकर परखते हैं। आखिरकार, सभ्यता का मापदंड बदल चुका है। अब सभ्यता का मतलब है अपने चेहरे को स्मार्टफोन के कैमरे में कैद करना, हर बात को पोस्ट करना, और हर मुद्दे पर एक 'वायरल' प्रतिक्रिया देना। पुराने जमाने के लोग जो सीधी-सच्ची बातें किया करते थे, अब उनकी जगह कृत्रिमता ने ले ली है। आजकल के सभ्य लोग सिर्फ सुसज्जित दिमाग और स्मार्टफोन के कनेक्शन से जुड़ी हुई बातें करते हैं, ताकि कोई और उन्हें आधुनिक समझे।

## स्मरण

# देशभक्त, महान अर्थशास्त्री एवं सादगीपूर्ण राजनेता डॉ.मनमोहन सिंह

राकेश अचल

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का विदा होना एक भावुक क्षण है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद डॉ. मनमोहन सिंह उन प्रधानमंत्रियों में से दूसरे हैं जो लगातार एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे ।

डॉ मनमोहन सिंह जन्मजात राजनीतिज्ञ नहीं थे। वे मूलतः अर्थशास्त्री थे और उनकी यही विशेषता राजनीति में कांग्रेस के और देश के काम आयी। डॉ मनमोहन सिंह जनता के सामने लच्छेदार भाषण नहीं दे सकते थे,इसलिए वे कभी लोकसभा का चुनाव नहीं जीते । उन्हें कांग्रेस ने हमेशा राज्यसभा भेजकर राजनीति में टिकाये रखा। आप यूं भी कह सकते हैं कि कांग्रेस डॉ. मनमोहन सिंह की वजह से सत्ता में बनी रही। लगातार तीन दशक तक देश की सेवा करने वाले डॉ. मनमोहन सिंह ने 2अप्रैल 2024 को राज्यसभा के साथ ही देश की सक्रिय राजनीति से भी विदाई ले ली थी। डॉ. सिंह की उम्र अभी 92 साल थी। मैंने अपने पत्रकारिता के लम्बे कार्यकाल में डॉ. मनमोहन सिंह जैसा दूसरा कोई नेता नहीं देखा । मैं उनसे एक वित्त मंत्री के रूप में भी मिला और एक प्रधानमंत्री के रूप में भी । दोनों भूमिकाओं में वे केवल और केवल डॉ. मनमोहन सिंह ही रहे। उनके चेहरे पर सदैव एक स्निग्ध मुस्कान मौजूद रही । उनके संवाद में स्वर सधे हुए रह। न कोई उतार न कोई चढ़ाव, न कोई नाटकीयता और न कोई बुनावट। वे स्थितप्रज्ञ राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने अपने ऊपर कटु से कटु प्रहार सहे किन्तु कभी विचलित नहीं हुये । उनका विचलन उनकी आँखों में ही झलकता रह गया । उत्तेजना उनकी राजनीति का अंग कभी नहीं बन पायी। भले ही उन्हें उत्तेजित और अपमानित करने की कोशिश विपक्ष ने की हो या उनके अपने दल के नेताओं ने। विपक्ष ने डॉ.मनमोहन सिंह के बारे में संसद के बाहर और भीतर क्या कुछ नहीं कहा ? कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी ने डॉ.मनमोहन सिंह के सामने क्या कुछ उच्छश्रृंखलता नहीं की ? लेकिन डॉ.मनमोहन सिंह खामोश रहे। विपक्ष उन्हें डॉ. मौन सिंह कहकर अपमानित करता रहा किन्तु उनका काम हमेशा बोलता रहा। मुझे लगता है कि मौन ही डॉ. मनमोहन सिंह की असली ताकत थी। आज के नेताओं को उनके स्वभाव और आचरण से सीखना चाहिए। लेकिन डॉ.मनमोहन सिंह बनकर काम करना ,देशसेवा करना आसान काम नहीं। गाल बजाना और मौन रहना दो अलग-अलग विधाएँ हैं। डॉ.मनमोहन सिंह के बारे में गूगल देव मुझसे ज्यादा सूचनाएँ रखते हैं ,लेकिन मैं अपनी जानकारी और अनुभव से कहता हूँ कि डॉ मनमोहन



सिंह होना आसान नहीं। डॉ. मनमोहन सिंह देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनकी उपाधियों को किसी अदालत में चुनौती नहीं दी गयी। अभिजात्य परिवार में जन्में डॉक्टर मनमोहन सिंह ने पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की उपाधि हासिल की । डॉ. सिंह ने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। उनकी पुस्तक इंडियाज एक्सपोर्ट ट्रेंड्स एंड प्रोस्पेक्ट्स फॉर सेल्फ सस्टेंड ग्रोथ भारत की अन्तर्मुखी व्यापार नीति की पहली और सटीक आलोचना मानी जाती है। राजनीति में प्रवेश करने से पहले वे अर्थशास्त्री ही बने रहे। डॉ॰ सिंह अर्थशास्त्र के यशस्वी अध्यापक रहे । वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने डॉ. सिंह की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किया । इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। डॉ.मनमोहन सिंह अपनी प्रतिभा के बल पर ही भारतीय रिजर्व बैंक के 15 वें गवर्नर बनाये गए। उन्होंने योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष के रूप में देश की अविस्मरणीय सेवा की । भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ.सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। उन्हें भारत के आर्थिक सुधारों का प्रणेता माना गया है। आम जनमानस में ये साल निश्चित रूप से डॉ. सिंह के व्यक्तित्व के इर्द-गिर्द घूमता रहा है।

कोई 20 साल पहले जब डॉ.मनमोहन सिंह को देश का तेरहवां प्रधानमंत्री बनाया गया ,तब उनकी उम्र 72 साल की थी ।उनके पास राजनीति की विरासत नहीं थी। वे न नेहरू थे और न गाँधी। मनमोहन सिंह ने 22 मई 2004 से प्रधानमंत्री पद सम्हाला और अप्रैल 2009 तक इस पद पर रहे। लोकसभा के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की अगुवाई वाला संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन पुनः विजयी हुआ और सिंह दोबारा प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए। प्रधानमंत्री सिंह ने वित्तमंत्री के रूप में पी. चिदम्बरम को अर्थव्यवस्था का दायित्व सौंपा था, जिसे उन्होंने कुशलता के साथ निभाया। वर्ष 2009 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी का प्रभाव भारत में भी देखने को मिला। परन्तु भारत की बैंकिंग व्यवस्था का आधार मजबूत होने के कारण उसे उतना नुकसान नहीं उठाना पड़ा, जितना अमेरिका और अन्य देशों को उठाना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक की 90 वीं सालगिरह के मौके पर आज के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी इस बात की सराहना की।

डॉ.मनमोहन सिंह केवल प्रधानमंत्री के रूप में ही नहीं बल्कि प्रतिपक्ष के नेता के रूप में भी हमेशा याद किये जायेंगे । वे 1998 और 2004 में लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता रहे ,जो शालीनता का सबसे महत्वपूर्ण काल था। डॉ. मनमोहन सिंह को देश -विदेश के अनेक सम्मान और पुरस्कार मिल चुके हैं। भारत ने भी उन्हें पदम्-विभूषण सम्मान दिया ,हालाँकि वे भारतरत्न है। बहरहाल देश डॉ.मनमोहन सिंह को जब भी याद करेगा तब एक शालीन चेहरा उसके सामने होगा.

## एक नजर

### 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर लगाया जाएगा 'हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह'

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 दिसंबर।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा ''हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह'' योजना प्रारंभ किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के प्रावधानों, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के परिपालन में छत्तीसगढ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कांकेर जिले में यह योजना प्रारंभ की गई है।वाहन स्वामी विभागीय वेबसाइट बहजतंदेचवतजण्हवअण्पद के माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं।

### मृतक की आश्रित को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 27 दिसंबर।** राज्य एवं केन्द्रीय शासन की पुनर्वास योजना अंतर्गत जिले के बड़गांव थाना अंतर्गत ग्राम मरकाचुआ में श्री राकेश जाड़े का माओवादियों के द्वारा हत्या कर दी गई थी। कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा मृतक की आश्रित श्रीमती प्रतिमा जाड़े को पांच लाख रूपये की क्षतिपूर्ति सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का किया गया सम्मान

**दंतेवाड़ा, 27 दिसंबर।** जिले में सुशासन दिवस और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तूलिका कर्मा, सदस्य श्री रामू नेताम, सुश्री सुलोचना कर्मा और जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा की उपस्थित थे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत समय सीमा पर 30 लाभार्थियों को उपहार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा, कृषि, स्वास्थ्य, और पंचायत विभाग के मैदानी कर्मचारियों के साथ-साथ युवोदय वॉलेंटियर्स और बालमित्रों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### बारसूर के इंद्रावती नदी सातधार में डूबे नाबालिग का दूसरे दिन भी नहीं मिला सुराग

**दंतेवाड़ा 27 दिसंबर।** बारसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत इंद्रावती नदी के सातधार में गुरूवार को डूबे नाबालिग यश कुमार साहू 13 वर्ष निवासी धमतरी का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। आज जगदलपुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है, जो दंतेवाड़ा की टीम के साथ मिलकर खोजबीन में जुटी हुई है। एएसपी आरके. बर्मन ने बताया कि तलाश जारी है, गोताखोर लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नाबालिग यश कुमार साहू गुरुवार 26 दिसंबर की सुबह दोस्तों के साथ करीब 7 बजे धमतरी से बारसूर पहुंचा था। वहीं सातधार जाने वाले मार्ग पर लगे नाका को इन्होंने स्वयं खोलकर जल प्रपात की तरफ चले गए थे। जहां सभी नहाने के लिए पानी मे उतरे, जिसके बाद नाबालिग एका-एक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जिसके बाद उसके साथ आए लोग पास में ही स्थित सीआरपीएफ 195 बटालियन के कैंप पहुंचकर डूबने की जानकारी दी गई। सूचन पर सीआरपीएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर गुरुवार को दिनभर उसकी खोजबीन करती रही। पिछले लगभग 30 घंटे से खोजबीन के बाद कोई सुराग नहीं मिलने से शुक्रवार को जगदलपुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। जिस जगह हादसा हुआ है, अब उस जगह किसी और को जाने नहीं दिया जा रहा है।

### छात्रा की मौत के बाद राज्य महिला आयोग की सदस्य बालाटिकरा आवासीय विद्यालय पहुंची

**सुकमा 27 दिसंबर।** छिंदगढ़ ब्लॉक के बालाटिकरा आवासीय विद्यालय की छात्रा की मौत के बाद आज शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी निरीक्षण पर पहुंचीं। उन्होंने छात्राओं व आवासीय विद्यालय के कर्मचारियों से छात्राओं को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। वहीं छात्राओं से व्यक्तिगत रूप से भी सुविधाओं के बारे में पूछा। छात्राओं व कर्मचारियों ने बताया कि अचानक तबीयत बिगडने् पर उसे अस्पताल ले जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई। बीएमओ डॉ. रसपाल सुमन से पूछा तो उन्होंने अस्पताल में भर्ती करने से पहले ही मौत होने की बात कही। राज्य महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी ने कहा कि आश्रम-छात्रावास, आवासीय विद्यालय में छात्राओं के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मामले में जो भी जिम्मेदार होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि अगले महीने वे जिले के आवासीय विद्यालय, आश्रम शालाओं का दौरा कर छात्राओं से स्वयं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेंगी और इस पर कड़ी कार्रवाई भी करेंगी।

### एक ही परिवार के धर्मांतरित 7 सदस्यों ने घर वापसी की

**जगदलपुर 27 दिसंबर।** बस्तर जिले के ग्राम सेमरा के डोंगरीगुड़ा पारा में एक ही परिवार के 7 धर्मांतरित शिवराम नाग, सोनमती नाग, सुकदेई, सुष्मिता, सिद्धी, स्नेहा, कृतिका जो अपने मूल धर्म से भटक कर दूसरे सम्प्रदाय में चले गए थे वे पुनः अपने हिन्दू धर्म में वापस आने का फैसला लिया है। घर वापसी समारोह में माहरा समाज की मुख्य भूमिका रही जिसमें स्थानीय बजरंग दल के पदाधिकारी और समाज के सदस्य उपस्थित थे। समारोह में धर्मांतरित लोगों ने अपने पूर्वजों के धर्म में वापस आने की घोषणा की और अपने नए जीवन की शुरुआत की। परिवार के मुखिया ने कहा कि घर वापसी हमारे लिए एक नए युग की शुरुआत है। हम अपने पूर्वजों के धर्म में वापस आने के लिए उत्साहित हैं और समाज में एकता और सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह जानकारी आज गुरूवार को माहरा समाज के संरक्षक व विहीप के उपाध्यक्ष परम चालकी ने दी। घर वापसी कार्यक्रम में माहरा समाज से धबलू, सम्पत, गुरुबंधु, धनुर्जय, तुला, गंगा भवानी, भागिरथी, लक्ष्मण, सोमारु, रनदेव, विश्व हिन्दू परिषद्, बजरंग दल से मुन्ना बजरंगी, विवेक शुक्ला, विक्रम ठाकुर, तमिश नायडू, अभिषेक साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं के जीवन में आया बदलाव

- महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित विष्णु देव सरकार
- हितग्राही महिलाओं को अब तक 6530.41 करोड़ रूपए की मदद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 27 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण को बढ़ावा के उद्देश्य से विष्णु देव सरकार द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना से हितग्राही महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। महिलाएं इस मदद की राशि से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के साथ ही अतिरिक्त आय उपार्जन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने लगी है।

श्रीमती नवीना कश्यप को जब से महतारी वंदन योजना के तहत हर महिने एक-एक हजार रूपए मिल रहे है, उनके चेहरे में खुशी की चमक देखते ही बन रही है। मुंडापारा कुरन्दी की श्रीमती नवीना ने महतारी वंदन की राशि का उपयोग कर गाँव में लगने वाली साप्ताहिक बाजार में फैंसी सामनों की व्यापार कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर नवीना ने बताया कि योजना से मिली राशि का उपयोग कर आर्थिक संपन्नता की शुरुआत होने से अब उन्हें दूसरों के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता।

जगदलपुर प्रतापदेव वार्ड की निवासी सना खान ने बताया कि महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 1 हजार रूपये मिलते है, जिसका उपयोग वह बच्चों के लालन पालन और शिक्षा के लिए में करती है। निवासी श्रीमती निर्मला नेताम के जीवन में महतारी वंदन योजना ने बदलाव लाया। योजना से मिली राशि को घर खर्च में करती है बचत राशि निवेश करना शुरू कर दिया है।

बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक मुख्यालय की निवासी लाभार्थी श्रीमती चंद्रमणि और उनके परिवार के पास कृषि भूमि नहीं है पति-पत्नी दोनों मजदूरी कर 6 सदस्यीय परिवार का किसी तरह भरण-पोषण करते हैं। राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना अब उनके परिवार के लिए सहारा साबित हो रही है। जिससे चंद्रमणि को एक हजार रूपए तथा उसकी सास रुकनी को महतारी वंदन योजना से 500 रुपए एवं वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत 500 रुपए मिल रही है, जो इस गरीब परिवार के लिए बहुत ज्यादा तो नहीं लेकिन उपयोगी साबित हो रही है। इसी तरह कई महिलाएं हैं जो मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना की बदौलत आर्थिक रूप से सशक्त बन रही है। सरकार का यह कदम उनके जीवन में बड़ा बदलाव ला रहा है। गौरतलब है कि उक्त योजना का शुभारंभ 10 मार्च 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। राज्य की लगभग 70 लाख हितग्राही महिलाओं को हर माह एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। मार्च से लेकर दिसम्बर तक हितग्राही महिलाओं को 10 मासिक किश्तों में 6530 करोड़ 41 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

# जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों से मिले 50 आवेदन

## ग्राम फुफगांव में आयोजित शिविर में सभी का मौके पर किया गया निराकरण






- माओवाद प्रभावित क्षेत्र में विकास की पहुंच सुनिश्चित हो रही: कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 27 दिसम्बर।** कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन आज अंतागढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फुफगांव में किया गया, जहां ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 50 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें सभी आवेदनों का शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर मिले शेष आवेदनों को निराकृत कर आवेदनकर्ता को सूचित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने कहा कि अंतागढ़ विकासखंड का यह दूरस्थ क्षेत्र अब भयमुक्त हो चुका है और धीरे-धीरे विकास की ओर बढ़ रहा है, स्थितियां सामान्य हो रही हैं। उन्होंने बताया कि नियद नेल्लानार योजना से ऐसे इलाकों का कायाकल्प हो रहा है और ग्रामीण शासन की योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ रहे हैं। कलेक्टर ने आगे बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विशेष तौर पर प्रकरण स्वीकृत किए जा रहे हैं जिससे कि शासन की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को पूर्ण करने आश्वासन दिया। साथ ही यह भी बताया कि कोसरोंडा में वृहद पुल निर्माण के लिए शासन द्वारा 7.50 करोड़ रूपए का बजट प्रदाय किया गया है। इसके अलावा कांकेर से आमाबेड़ा पहुंच मार्ग जो की लगभग 50 करोड़ रूपए का बजट है उसे भी बहुत जल्द प्रारंभ करने की बात कलेक्टर ने कही। उन्होंने छुटे हुए हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन प्रस्तुत करने, महतारी वंदन योजना, राशन कार्ड, वन अधिकार मान्यता पत्र सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील ग्रामीणों से की। जनपद अध्यक्ष श्री बद्रीनाथ गावड़े ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार आमाबेड़ा क्षेत्र के सभी 23 ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता के साथ सभी मूलभूत सुविधा मुहैय्या कराने के लिए सरपंचों तथा जनप्रतिनिधियों से अपील की। आज आयोजित शिविर में सर्वाधिक 19 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को 07, जल संसाधन और प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना को 6-6, विद्युत विभाग को 04, राजस्व तथा शिक्षा विभाग को 02-02, और क्रेडा को 01 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि प्राप्त की। इसके अलावा अन्य विभागों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने की अपील की। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा सुकदू हिड़को तथा नेमी सिन्हा को सहायक उपकरण श्रवण यंत्र, डेरहा मण्डावी, रामेश्वरी मण्डावी को छड़ी और सुशील कुमार कोमरा को व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा सुकदू हिड़को तथा नेमी सिन्हा को सहायक उपकरण श्रवण यंत्र, डेरहा मण्डावी, रामेश्वरी मण्डावी को छड़ी और सुशील कुमार कोमरा को निःशुल्क व्हीलचेयर वितरित की गई। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 40 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष भुवनलाल जैन, ग्राम फुफ़गांव के सरपंच राम सिंह हिड़को, ग्राम अर्रा सरपंच रमेश मंडावी, जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी, एसडीएम राहुल रजक सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और काफी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान लिए जिला प्रशासन ने निशुल्क हेल्पलाइन सेवा शुरू की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 27 दिसंबर।** जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की दैनंदिनी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से निशुल्क हेल्पलाइन सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इसके अंतर्गत आमजन अपनी समस्याओं जैसे बिजली, पानी, पेशन से संबंधित दिक्कतों के संबंध में निशुल्क हेल्पलाइन 9302706669 के जरिये प्रशासन को अवगत कराकर इसका समाधान प्राप्त कर सकते है। यह सेवा की सुबह 10 बजे से शाम के 6 बजे तक के बीच सक्रिय रहेगी। इसके साथ ही इसमें स्वास्थ्य, भूमि संबंधी नक्शा खसरा के मामले के संबंध में भी शिकायत की दर्ज कराया जा सकता है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा ने बताया कि जिला के हेल्पलाइन सेंटर से चाहे वह ग्राम स्तर की षिकायते हो, अन्तर्विभागीय समस्याएं हो या फिर लंबित आवेदनों के निराकरण अथवा जैसे बिजली, पानी, सड़क जैसे मुद्दे इन सभी तमाम मामलें हो इस हेल्पलाइन पर मौजूद कर्मचारी इसे संज्ञान मे लेकर प्रशासन से संबंधित विभाग तक अवगत कराएगें। विशेष बात यह है कि अपनी दिक्कतों एवं समस्याओं को हिन्दी, हल्बी, गोंडी किसी भी भाषा में दर्ज कराया जा सकेगा। कर्मचारी सभी आवेदनों को पंजीकृत करके वस्तुस्थिति के बारे मे शिकायतकर्ता को अद्यतन स्थिति की जानकारी देगें और यदि समस्याओं का निराकरण हो जाता है तो इसके पश्चात भी कर्मचारी शिकायतकर्ता को पुनः कॉल करके उसके संतोषजनक पूर्ण निराकरण के फीडबैक की जानकारी लेंगे और फिर भी इसमें कमीबेशी रह जाती है तो फिर से इसपर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी। समस्याओं के पूरी तरह निराकरण के बाद ही आवेदनो को पूरी तरह से निराकृत माना जाएगा।

### अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार युवकों को मारी टक्कर, 2 की मौत

**जगदलपुर 27 दिसंबर।** थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम मिचनार के पास दो युवकों अमन और याकूब निवासी जगदलपुर को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल पंहुच गये हैं। जगदलपुर से 8-9 युवक अपनी-अपनी बाईक से गुरूवार को लोहंडीगुड़ा स्थित मिचनार घूमने के लिए निकले थे। मिचनार से पहले ही एक अज्ञात वाहन ने अमन और याकूब की स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोट लगी थी, उन्हें उपचार के लिए मेकॉज लाया जा रहा था, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों की मौत हो गई। दोनों मृतक युवकों के शव के पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व गरियाबंद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा

# विधायक की अनुशंसा पर निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 27 दिसम्बर।** राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रोहित की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने 27 निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ 80 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत फिंगेष्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडकी नहर से रूपसिंग घर तक नाली निर्माण कार्य ग्राम फुलझर 5 लाख रूपये, ग्राम टेका में टिन शेड निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत लफंदी गोविंद घर से प्रवीण घर तक सीसी रोड निर्माण 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बकली में टिन शेड निर्माण 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत सेंदर में घना साहू घर से खिलावन घर तक सीसी रोड निर्माण एवं रवि शर्मा घर से उदय सतनामी घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5-5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत सोनासिली में टिन शेड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत रवेली में गली कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बिनौरी में मुख्य मार्ग से शहदराम घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 3 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कोमा में जैतखाम के पास टिन शेड निर्माण हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में पंचायत के पास टिन शेड निर्माण हेतु 14 लाख रूपये, ग्राम पंचायत लफंदी में बाजार चौक के पास टिन शेड निर्माण हेतु 12 लाख रूपये, ग्राम पंचायत रावड़ में लोकु घर से रंगमंच तक नाली सह गली कांक्रीटीकरण कार्य के लिए 5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत श्यामनगर में बाजार चौक के पास टिन शेड निर्माण हेतु 4 लाख रूपये, ग्राम पंचायत देवरी में सीसी रोड निर्माण हेतु 4 लाख रूपये, ग्राम पंचायत बिजली में कोटवार घर से अजय पटेल घर तक एवं ग्राम मरवाडीह में दौवा घर से रेवा घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपये, ग्राम पंचायत देवगांव में हनुमान मंदिर के पास टिन शेड निर्माण हेतु 7 लाख रूपये, ग्राम पंचायत पाली में सीसी रोड निर्माण हेतु 2 लाख रूपये, ग्राम पंचायत भेण्ड्री के वार्ड न. 10 में सामाजिक भवन छत ढलाई कार्य के लिए 5 लाख रूपये की 20 निर्माण कार्यो के लिए 1 करोड़ 26 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व फिंगेष्वर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

इसी तरह छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोंगरा में बजरंग बली मंदिर के पास टिन शेड निर्माण के लिए 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कोसमी में भीम चौक के पास टिन शेड निर्माण के लिए 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत भैसामुडा में टिन शेड निर्माण के लिए 8 लाख रूपये, ग्राम पथर्री के गुरजी पारा में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपये की 4 निर्माण कार्यो के लिए में 29 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व छुरा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है। गरियाबंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाथरमोंहदा के ग्राम भिलाई में टिन शेड निर्माण के लिए 7 लाख रूपये एवं शीतला पारा में टिन शेड निर्माण के लिए 8 लाख रूपये, ग्राम पंचायत कोकड़ी में बजरंग चौक के पास टिन शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की 3 निर्माण कार्यो के लिए 25 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व गरियाबंद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

## समाचार संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ दन्तेवाड़ा में स्थापना दिवस मनाया गया



**दंतेवाड़ा 27 दिसंबर।** अब से 43 वर्ष पहले 26 दिसंबर 1981को इस युग के विश्वामित्र युग ऋषि युग दृष्टा ,युग सृष्टा,पं श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने स्वयं हमारे धर्म नगरी नगरी दन्तेवाड़ा में आकर अपनी प्राण कर गायत्री शक्तिपीठ का स्थापना किया था। गुरुवार को स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुदेव जी के कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है । उनके सच्चे शिष्य गण दिन रात तन मन धन से लगे हुए हैं। सभी श्रद्धालु बहन भाई समाज को सुधार करने में पूरी तन्मयता के साथ समयदान, समर्पण भाव के साथ कर रहे हैं। भटके हुए लोगों को सही रास्ता दिखा रहे हैं । हम सभी ईश्वर के सच्चे सपूत हैं इसी कार्य को गति में इस क्षेत्र के हजारों अनुयाई शिष्य लगे हुए हैं,। स्थान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के यशस्वी विधायक माननीय चैतराम अटामी जी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, पूर्व विधायक स्वर्गीय भीमा मंडावी की पत्नी श्रीमती ओजस्वी मंडावी , कांग्रेस के प्रवक्ता राजकुमार तामो नगर पार्षद श्रीमती लता मरकाम जी के साथ ही गायत्री परिवार के सभी सक्रिय कार्यकर्ता भाई बहन उपस्थित रहकर गुरु कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### वीर बाल दिवस पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया



**फिंगेश्वर 27 दिसंबर।** भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा विद्यालयों में 16 से 24 दिसंबर 2024 तक वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं.इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवनी पर चित्रकला, निबंध एवं कविता का वाचन विद्यार्थियों द्वारा किया गया. तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एक कुशल राजनेता,प्रखर वक्ता एवं ओजस्वी कवि थे. उनकी कविताओं में गहरी देशभक्ति मानवता और समाज की सच्चाई का दर्शन होता है.उन्होंने आगे राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण में बच्चों एवं युवाओं की अहम भूमिका होती है. उनमें देश को विकसित करने और प्रगति की ओर ले जाने की शक्ति होती है. वह देश में सामाजिक सुधार लाने के लिए भी जिम्मेदार होते हैं. इसलिए युवाओं को समर्पित,उत्कृष्ट और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए ताकि वह अपने नवाचार, कार्य कुशलता और उत्साह से भारत के विकास को गति दे सके. कार्यक्रम के अंत में भाषण चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले गीता साहू, अर्पिता साहू, रीतू सेन एवं स्वाति साहू को शाला के प्राचार्य द्वारा पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया गया.इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य पूरनलाल साहू, वरिष्ठ व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत निर्माण श्रमिक के पंजीयन के संबंध में सूचना जारी

**दंतेवाड़ा, 27 दिसंबर।** जिला श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिनके पंजीयन की वैद्यता समाप्त हुये 01 वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज दिनांक तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिकों 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकरण हेतु ''श्रमेव जयते'' मोबाइल एप्प, मुख्यमंत्री श्रम संसाधन केन्द्र, विभागीय वेबसाईट, च्वाइस सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा 31 दिसंबर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा। अधिक जानकारी हेतु मुख्यमंत्री श्रमिक सहायता केंद्र 0771-3505050 में संपर्क किया जा सकता है।



**जगदलपुर 27 दिसंबर।** दरभा मंडल के ग्राम डिलमिली 1, डिलमिली 2 और बड़े कड़मा में विधायक निधि के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन माननीय चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल जी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

# वीर बाल दिवस पर सिख समाज ने निकाला शहीदी मार्च



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 27 दिसम्बर।** सरवंश दानी गुरुगोविन्द सिंघ जब केवल नौ बरस के थे तब उनके पिता गुरुतेग बहादुर ने दिल्ली के चाँदनी चौक पर हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये अपने शीश की बलि दे दी, परिवार से मिले त्याग और बलिदान के संस्कारों से अपने सरवंश दान कर धर्म की रक्षा की गुरुगोविन्द सिंघ के बड़े बेटे वीर योद्धा अजित सिंघ महज 18 वर्ष की उम्र वीर योद्धा जुझार सिंघ ने 14 वर्ष की उम्र में चमकौर की धरती पर मुगल सैनिकों से युद्ध करते हुए अपनी शहादत दीं। दोनों छोटे साहबजादों जोरावरसिंह महज 9 वर्ष और सबसे छोटे साहेबजादे फतेह सिंह 6 वर्ष की उम्र में जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया, दादा श्रीगुरतेग बहादुर साहिब और दादी माता गुज़री के साथ सिक्ख पंथ के दशम गुरु पिता गुरुगोविन्द सिंघ के धर्म के प्रति आदर्शों को मान रखते हुए अपनी शहादत दे दी दिवस 26 दिसम्बर को भारत सरकार ने वीर बालदिवस के रूप में पूरे देश में मनाये जाने की घोषणा की।

स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा द्वारा आज प्रातः शहीदी मार्च का आयोजन किया गया जिसमें समाज के बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चे शामिल हुए, महिलाओं के द्वारा शहीदी के शबद कीरतन करते हुए नगर भ्रमण किया युवा समिति के उत्साही युवाओं ने भी शहीदी भजनों का गायन किया। शहीदी मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में सम्पन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष स. त्रिलोक सिंघ सलूजा एवं सरदार रविन्द्रर सिंह चावला, अरूण छाबड़ा, देवेन्द्र सचदेव ने इस बलिदान दिवस पर साहबजादों को श्रद्धांजलि देते हुए उनको नमन किया। समाज के वरिष्ठजनों के साथ साथ युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने सक्रियता से भाग लिया। स्थानीय गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा में 21 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक शहीदी सप्ताह का आयोजन भी किया गया है। जिसमें समाज के युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप कविता पाठ, शबद कीरतन, लेक्चर का आयोजन किया गया।

## समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ परिवहन पशुचारा संघ के जितेन्द्र यादव बने अध्यक्ष



**भखारा, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ परिवहन पशुचारा संघ का गठन शुक्रवार को हुआ जिसमें पदाधिकारियों का भी गठन किया गया। पशुचारा संघ ने कई उद्देश्य को लेकर संगठन का गठन किया है।ऐसे जगह जहां पर पशुओ को चरने के लिए मैदान चारागाह बहुत कम हो गया है ऐसे जगहों पर चारा परिवहन करना।

संघ पशुचारा परिवहन में नई तकनीकों का उपयोग करने को प्रोत्साहित करना संघ पशुचारा परिवहन से संबंधित अनुसंधान और विकास कार्यों को प्रोत्साहित करना संघ सरकार और अन्य संगठनों के साथ मिलकर काम करना गौपालकों की आर्थिक दृष्टि से देखते हुए सूखा चारा एवं हरा चारा कम बजट में उपलब्ध कराना संघ यह सुनिश्चित करता है कि पशुचारा समय पर और बिना किसी नुकसान के अपने गंतव्य तक पहुंचाना संघ में यह सुनिश्चित करना कि परिवहन के दौरान चारे की गुणवत्ता बनी रहे संघ में यह सुनिश्चित करना कि परिवहन के दौरान कोई दुर्घटना या हानि न हो संघ किसानों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करना और उनके लिए बेहतर दरें और सुविधाएं प्राप्त करने का प्रयास करना संघ सरकार द्वारा बनाई गई पशुचारा से संबंधित नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन करना संघ पशुचारा उद्योग के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर अध्यक्ष जितेन्द्र यादव छतौना, उपाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन खान, सचिव भुनेश्वर साहू भैंसबोड़, तोमनलाल साहू चरोदा, सहसचिव संतोष तारक, रोहित साहू दादरझोरी, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू भैंसबोड़, दिनेश महिलांगे, संरक्षक अशोक चंद्राकर, राधे गुप्ता, सहसंरक्षक हेमाकांत साहू, लोकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी रामनारायण यदु, हरिश्चन्द्र यदु, लेखापाल झम्मन लाल साहू, फिल्ड ऑफिसर दिलीप साहू सहित अन्य पदाधिकारी सहित सदस्यगण उपस्थित रहें। साथ ही सभी सदस्यों ने समस्त किसानों से गौ माता के प्रति सोंच रखते हुए पैरा को आग न लगाने की अपील की।

### राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस



**सिमगा, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में आज दिनांक 26 दिसंबर को शहीद वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव तिवारी सर, डॉ रणजीत सिंह, डॉक्टर आकाश सोनी, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं कार्यालयीन स्टाफशामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम प्राचार्य ने भारत के उत्तर पश्चिम पंजाब क्षेत्र से मुस्लिम आक्रांताओं का आगमन को बताया। धर्म संस्कृति, राष्ट्र की गौरव के लिए सिखों के बलिदान को बताते हुए सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहादत को भारत के इतिहास में गौरवशाली एवं अविस्मरणीय बताया। डॉ आकाश सोनी ने भी दोनों वीर बालकों के शहादत को भारतवासियों के लिए महान प्रेरणा बताया। डॉ रणजीत सिंह ने प्राचीन काल से अब तक वीरता, साहस, शहादत एवं शौर्य की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह ने छोटी सी उम्र में अपने धर्म के प्रति एक सच्ची निष्ठा एवं दृढ़ता के कारण मृत्यु तुल्य यातना सहने के बावजूद इस्लाम धर्म अपनाने की जगह अपने प्राणों को उत्सर्ग किया। कृपाल सिंह, सतनाम सिंह के साथ अनेक छात्राओं ने भी शहीद वीर बाल दिवस के अवसर पर अपनी प्रेरणात्मक विचार प्रस्तुत किए।

### पुलिस मुखबिरी के शक में मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

**तिल्दा-नेवरा, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 25 दिसम्बर को रात्रि करीब 09:00 बजे आरोपीगण राहुल सेन एवं उसका भाई दीपक सेन दोनो अपने हाथ में रॉड एवं चाकू लेकर लहराते हुये प्रार्थी मनोज देवांगन के घर में जबरन घुसकर तुम पुलिस की मुखबिरी करते हो आज मेरे घर पुलिस भेजे थे कहकर मां बहन की गंदी गंदी अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किये। प्रार्थी की पत्नि सोनी देवांगन बीच बचाव करने आयी तो दीपक सेन अपने हाथ में रखे लोहे के रॉड से प्रार्थी एवं उसकी पत्नि सोनी देवांगन को मारा तथा राहुल सेन द्वारा अपने पास रखे चाकू को निकालकर मारने के लिये वार किया जिसे प्रार्थी की पत्नि सोनी देवांगन के द्वारा बीच बचाव की तो उसके बांये हाथ के हथेली में चोट लगी तथा राहुल सेन के द्वारा रॉड से मारने से प्रार्थी के दाहिने हाथ की कलाई में चोट लगी है की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण को हिरासत में लेकर आरोपीगण से घटना में प्रयुक्त एक नग बटनदार चाकू, एक नग लोहे का रॉड जप्त कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया।

## एक नजर

### भारत रत्न वाजपेयी की जयंती पर ली गई शपथ



तिल्दा नेवरा, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के वर्ष के उपलक्ष में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया. जिला प्रशासन के तत्वावधान मेंजनपद पंचायत तिल्दा नेवरा में सभा कक्ष में सुशासन दिवस पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की तस्वीर पर मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल महामंत्री रायपुर ग्रामीण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विवेक गोस्वामी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आशुतोष देवांगन, ने दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल महामंत्री रायपुर ग्रामीण, ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र निर्माण में सुशासन की महती भूमिका अदा की है. उन्होंने सदैव यही बताया कि राष्ट्र में लोकतंत्र की सफलता वहां के सुशासन पर निर्भर होती है. उन्होंने जनता को सुशासन के माध्यम से सदैव कल्याण करने का संदेश दिया. उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के उच्च आदर्शों को जीवन में उतार कर सदैव राष्ट्र के प्रति सेवा भावना से कार्य करने व उसको विकसित बनाने की युवा पीढ़ी को सीख दी. कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री की कुछ लोकप्रिय कविताओं का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल अग्रवाल महामंत्री रायपुर ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि सौरभ जैन महामंत्री तिल्दा शहर मंडल, आशुतोष देवांगन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विवेक गोस्वामी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, डॉक्टर खुमान वर्मा और जनपद के अधिकारी कर्मचारी और आम जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सिमगा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई गुरु घासीदास बाबा की जयंती

# संपूर्ण मानव जाति के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने वाले थे संत गुरु घासीदास बाबा : भूपेश बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 27 दिसम्बर।** संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268 वीं जयंती भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सिमगा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने उपस्थित लोगों को जयंती की बधाई और शुभकामना दी। इसके पूर्व सिमगा पहुंचने पर पूर्व सी एम बघेल का समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जोड़ा जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए उपस्थित लोगों से अपने संक्षिप्त और सारगर्भित संबोधन में कहा कि आज हम संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती बना रहे हैं क्योंकि उन्होंने अपना जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए समर्पित कर दिया था और समाज में फैले छुआछूत एवं अन्य बुराइयों को दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। वह एकमात्र संत थे जो मानव समाज को मनखे मनखे एक समान का सबसे बड़ा मंत्र दिया था। हम सब एक ईश्वर की संतान है जिसमें न कोई छोटा है न कोई बड़ा है। गुरु घासीदास बाबा ने हम सबको सत्य अहिंसा प्रेम सद् भाव का रास्ता दिखाया था। उनका कहना था कि हमें मानव जीवन बहुत ही सौभाग्य से प्राप्त हुआ है।



वही पूर्व सी एम बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है। जिधर देखों उधर भ्रष्टाचार नजर आता है। बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट परिसर में आगजनी की घटना सरकार की नाकामी को सिद्ध करता है उस घटना में कई निर्दोष लोगों को भी जेल में डाल दिया गया है। जिन्हें आज तक उनको जमानत नहीं मिल पाई है। उन्होंने सरकार से छाता पहाड़ में जैतखाम को तोड़ने की घटना के पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग किया। भाजपा की सरकार सतनामी समाज के लोगों आदिवासी समाज के लोगों पर अत्याचार कर रही है आदिवासी लोगों को नक्सली बताकर कर मारा जा रहा है। सिमगा सोसायटी की घटना का भी जिक्र करते हुए कहा कि यहां किसानों से टोकन के नाम पर खुलेआम वसूली की जा रही है वहीं धान भी अधिक मात्रा में तौला जा रहा है। हमारे शासन काल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित थी वह सब योजनाएं आज बंद पड़ी है। स्वामी आत्मानंद स्कूल कई जगह बंद हो रहे हैं। राजनांदगांव में पुलिस भर्ती में गड़बड़ी हो रही है। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार साय साय की जगह आयें बायें कार्य कर रही है। उन्होंने अंत में कहा कि प्रदेश की जनता हमारे कार्यकाल को याद कर रही है।

क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव ने गुरू घासीदास बाबा की जयघोष करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने सतनाम भवन रंगमंच एवं बाउंड्री वॉल की निर्माण करने की घोषणा की थी। जिसे आज उन्हीं के हाथों लोकार्पण संपन्न हुआ है जो बड़े ही हर्ष की बात है। सामाजिक लोगों की मांग पर विधायक ने रंगमंच के ऊपर छज्जा निर्माण एवं कार्यक्रम स्थल पर सोलर लाइट लगवाने घोषणा की। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, ईश्वर सिंह ठाकुर सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल सुनील महेश्वरी, विजय बघेल राजमहंत जगमोहन मारकंडेय आशा यादव, शैली भटिया, मोहन गायकवाड़, नंदकुमार चेलक हिरेन्द्र कोसले, अरुण रमेश भागवत सोनकर, देवनारायण बांधे, जिला पंचायत सदस्य रमेश धृतलहरे रंजीत सोनवानी संतोष सोनी, त्रिलोक सलूजा कोमल टंडन, तिलक देवांगन पदुम टंडन, नरेश दिवाकर दिलीप कोसले, दशरथ चंद्राकर रोहित मिरी तिलक देवांगन सहित समाज के सैकड़ों लोग सहित काफी बड़ी संख्या में कांग्रेस्जन भी उपस्थित थे।

# सात्विक जीवन और उच्चतम विचार सतनामियों की पहचान : डॉ. कुर्रे

■ समाज को गौरवान्वित करने वाले युवाओं का सम्मान हुआ

✍ युगल किशोर साहू

**भखारा, 27 दिसम्बर।** दिसंबर माह को सतनामी समाज गुरु पर्व के रूप में मनाता है।इस दौरान गांव से लेकर शहर तक सामाजिक समरसता का संदेश देने सतनामी समाज गुरु घासीदास बाबा का जयंती मनाते है और गुरुवाणी का बखान कर गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को जन मानस तक पहुंचाते है।

इसी तर्ज पर ग्राम बोरझरा में भी गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यआतिथि जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेंद्र कुर्रे, अध्यक्षता महेंद्र कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत बोरझरा, लक्ष्मीकांत बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज बोरझरा, ओमप्रकाश बंजारे अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, नारायण लाल सिन्हा अध्यक्ष सिन्हा समाज, डोमन लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज, महेश कुमार यादव अध्यक्ष यादव समाज, रामगुलाल पटेल अध्यक्ष पटेल समाज सम्मिलित हुए। सभी अतिथियों के उपस्थिति में जैतखाम में विधिवत पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया गया। उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने संगठित होकर कार्य करने की बात कही उन्होंने कहा कि जिले में सतनामी समाज का सामाजिक संगठन मजबूत हुआ है।सतनाम रावटी, नशामुक्ति अभियान, राज्य स्तरीय सम्मेलन, सम्मान समारोह जैसे सामाजिक कार्यक्रम से सतनामी समाज संगठित हुआ है।इस एकता को बनाए रखना है अन्य समाजों के साथ भी सामाजिक समरसता को कायम करना है जो ग्राम बोरझरा में बखूबी दिखता है।



वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ.सुरेंद्र कुर्रे ने कहा कि सात्विक जीवन और उत्तम विचार सतनामियों कि पहचान है।सतनामी समाज अपनी संस्कृति और पराक्रम के लिए पहचाना जाता है। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सदैव संघर्ष किया है।मुग़ल काल में भी सतनामी समाज ने अपने पराक्रम का परिचय दिया और मुग़ल कालीन अत्याचारों का विरोध किया सतनामी समाज का इतिहास गौरवपूर्ण है। वहीं उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए महेश यादव एवं नारायण लाल सिन्हा ने बाबा गुरु घासीदास के जीवनी पर प्रकाश डाला उनके द्वारा चलाए गए सतनाम आंदोलन एवं उपदेशों का अनुसरण करने की बात कही।

**समाज को गौरान्वित करने वाले युवाओं का सम्मान:** कुछ दिन पहले ही एसएससी का रिज़ल्ट जारी हुआ है जिसमें सतनामी समाज के चार युवा राजीव रात्रे, संजीव रात्रे, प्रदीप बंजारे, वीरेंद्र देशलहरे का चयन हुआ था।साथ ही छात्र पूर्वांश बंजारे का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। उपरोक्त सभी युवाओं को प्रतीक चिन्ह, श्रीफल एवं श्वेत गमछा भेंट कर सम्मान सतनामी समाज के द्वारा सम्मान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।साथ ही शिव कुमार बंजारे शिक्षक के द्वारा भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक रोमन लाल रात्रे, बाबूलाल जोशी, संतोष जोशी, हेमलाल रात्रे, लोकेश रात्रे, अगुन रात्रे, कोमल रात्रे, रामचंद्र खुटे, मंथीर बघेल, द्वारिका रात्रे, गुलाबचंद रात्रे, जगदीश रात्रे, हेमंत बंजारे, शिवकुमार बंजारे, पूनाराम रात्रे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### धारदार हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 27 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 26 दिसम्बर को सूचना मिला की एक व्यक्ति रायपुर रोड शराब भट्टी के पास अपने दोनों हाथों में लोहे का धारदार हथियार लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। की सूचना पर थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा संबंधित स्थल पहुंच कर आरोपी को हिरासत में लिया गया तथा आरोपी से एक लोहे का खुखरी नुमा धारदार गंडासा एवं लोहे का धारदार गुप्ती जप्त किया गया है तथा आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 945/2024 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200028**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:-2024-2025

बोरतलाव प.ह.न. 00027 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- रूपेंद्र कुमार उइके,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रूपेन्द्र शाह उइके पिता मयालाल जाति गोंड निवासी ग्राम बोरतालाव तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक की बड़ी माता पवरा बाई पति भैयालाल उईके जाति गोंड की मृत्यु दिनांक 27.10.2008 को स्थान बोरतालाव में हुआ है। अतः आवेदक द्वारा अपनी बड़ी माता पवरा बाई पति भैयालाल उईके जाति गोंड का मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 30.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10 12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200036**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2024-2025

चिद्दो (प.ह.न. 00028),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- अशोक जोशी व अन्य 03.,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक जोशी वल्द विशाल जोशी, दिलीप जोशी वल्द विशाल जोशी, टोपलाल जोशी वल्द विशाल जोशी, यशोदा संतोडे वल्द विशाल जोशी सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम प्रकाशपुर तहसील खैरागढ़ जिला के.सी.जे. सभी कृषक ग्राम चिद्दो तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम चिद्दो प.ह.न. 28 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 192 में ख.न. 850/1 रकबा 0.0550 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.0550 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में अशोक जोशी वल्द विशाल जोशी, दिलीप जोशी वल्द विशाल जोशी, टोपलाल जोशी वल्द विशाल जोशी, यशोदा संतोडे वल्द विशाल जोशी सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम प्रकाशपुर तहसील खैरागढ़ के नाम पर दर्ज है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है।

अतः उक्त भूमि आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200037**

विषय:-व-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2024-2025

गाजमर्रा प.ह.न. 00029 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- उत्तम पटेल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम पटेल आ. बरातु पटेल उम्र 39 वर्ष जाति मरार सा. गाजमर्रा तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक की दादी विश्वासा बाई पति झुमुक पटेल का मृत्यु दिनांक 13.03.2022 को स्थान गाजमर्रा में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.01.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार डोंगरगढ़

**न्यायालय तहसीलदार चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202412140100018/
अ-21 (2)/ सन् 2024-25
ग्राम- चारामा प.ह.नं 06

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व संबंधित एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ममता सिन्हा पति दिलीप कुमार सिन्हा जाति कलार निवासी ग्राम गुरूनानक वार्ड भाठापारा चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा अंतर्गत धारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6क) के तहत अपने भूमि स्वामी हक की आवासीय प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम चारामा पटवारी हल्का नंबर 06 तहसील चारामा में स्थित खसरा नंबर 833/6 रकबा 0.0200 हेक्टेयर परिवर्तित लगान 196.00 रूपये है को अन्यत्र मकान निर्माण के लिये रूपयों की आवश्यकता होने पर अनावेदिका श्रीमति क्रेता सुधा गुप्ता पति भागवत प्रसाद गुप्ता जाति सोनार निवासी ग्राम बाजार पारा चारामा तहसील चारामा जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 900000.00 (नौ लाख) रूपये में विक्रय करने का सौदा होने पर भूमि विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर मे आवेदन प्रस्तुत करने पर जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चारामा के माध्यम से प्राप्त हुआ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विधिवत् अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 08.01.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार चारामा जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन**

**शपथ पत्र**

मैं मानसिंह चौहान पिता श्री गोविन्द चौहान, उम्र 39 वर्ष, ग्राम लिमतरा, पोस्ट बिश्रामपुर, तहसील सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा, छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं:-

यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।

यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम दिगम्बर चौहान है जो उसके आधार कार्ड पर डेविस चौहान अंकित हो गया है जो गलत है।

यह कि मेरे पुत्र का आधार कार्ड क्रमांक 555593357681 जिसमें उसका नाम त्रुटिवश डेविस चौहान अंकित हो गया है, जो कि गलत है।

यह कि मेरे पुत्र का वास्तविक एवं सही जन्मतिथि 28/11/2018 जो उसके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में अंकितानुसार सत्य एवं सही है।

यह कि मैं पुत्र के नाम से नवीन आधार कार्ड बनवाना चाहता हूं जिसमें उसका सही नाम दिगम्बर चौहान अंकित किये जाने की कृपा करेंगे।

यह कि मेरे पुत्र दिगम्बर चौहान एवं डेविस चौहान एक ही पुरुष अर्थात् मेरे पुत्र का ही नाम है किसी अन्य का नाम नहीं है।

यह शपथ पत्र का निष्पादन आधार कार्ड में पुत्र का सही नाम सुधार हेतु प्रस्तुत कर रहा हूं।

**सत्यपापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करता शपथपत्र की कंण्डिका 01 से 07 तक कथन मेरे स्वतः के ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। आज दिनांक 05/11/2024 को स्थान रायपुर में नोटरी के समक्ष उपस्थित होकर सत्यापित कर हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

**Public Works Department**
**Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)**
**E-Procurement Tender Notice**
**E-mail : tenders-pwd.cg@gov.in**

**NIT No. 218/TC/EinC/ PWD/2024-25 Dated- 19.12.2024**

**The Engineer-in-Chief, Public Works Department** on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district of Sukma for construction of 02 Roads with estimated cost amounting **Rs 345.92 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e-registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should he submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 20.12.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 10.01.2025

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur Atal Nagar (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/Registered post,** failing which the bids shall he declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Departmenthttp://pwd.cg.nic.in

**Chief Engineer**
**(Central Tender Cell)**
**Office of Engineer-In-Chief**
**G-242504853/7 P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)**

## एक नजर

### एसी का कॉपर वायर पार

**रायपुर, 27 दिसंबर।** आस्था डायलोसिस का बाउण्ड्री फांदकर अज्ञात चोर ने एसी का कॉपर वायर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी भूपेन्द्र गौतम 47 वर्ष आस्था डायलोसिस के पास पचपेड़ीनाका न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके आस्था डायलोसिस का बाउण्ड्री दिवाल फांदकर अंदर प्रवेश किया और एसी का 130 फीट कॉपर वायर को चोरी कर लिया। चोरी गए कॉपर वायर की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### जिलाबदर का आरोपी अवैध क्षेत्र में घूमते गिरफ्तार

**रायपुर, 27 दिसंबर।** वाल्मिकी नगर कबीरनगर में जिलाबदर आरोपी घुमते हुए पाया गया। मामले में कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी आसु क्षत्री 22 वर्ष को रायपुर जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिलाबदर किया गया था, जो बिना अनुमति के अवैध क्षेत्र में घुमते हुए पाया गया। मामले में कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### फोन कर अधेड़ को दी धमकी

**रायपुर, 27 दिसंबर।** छछानपैरी मुजगहन में युवक ने अधेड़ को कॉल कर अश्लील गाली-गलौज कर मैसेज किया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नरोत्तम बंजारे 53 वर्ष छछानपैरी मुजगहन का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राहुल अनेश्वरी ने 94077-95110 से प्रार्थी को कॉल कर अश्लील गाली-गलौज कर मैसेज किया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अभियंता अलंकरण समारोह 29 को

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** मानव विज्ञान एवं सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय अभियंता अलंकरण समारोह का आयोजन पुरानी वस्ती स्थित अग्रवाल भवन में 29 दिसंबर को शाम 4 बजे से होगा। प्रति वर्ष होने वाले इस अलंकरण समारोह में राज्य के विकास में सतत् संलग्न विशिष्ठ योगदान देने वाले विभिन्न विभागों के विभागीय चयनित वरिष्ठ, विशिष्ठ एवं श्रेष्ठ 21 अभियंताओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजित समारोह का उद्घाटन राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदरदास करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि वृजमोहन अग्रवाल सांसद लोकसभा होंगे। अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, राम विचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल के साथ जिंदल पावर स्पात लिमिटेड के प्रेसीडेंट प्रदीप टंडन होंगे। संस्थान के प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजीनियर विजय कुमार कासू ने बताया है कि विभिन्न विभागों के राज्यभर से अभियंता आ रहे हैं। विभागीय चयनित अभियंताओं को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह के संयोजक श्री ए. बी. दुबे के अनुसार यह अलंकरण समारोह छत्तीसगढ़ राज्य का 24 वां आयोजन है, चूंकि राज्य ने भी अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूर्ण किए है।

### छत्तीसगढ़ में अवॉर्ड-विनिंग यक्षा लॉन्च

**रायपुर 27 दिसंबर।** त्योहारी सीज़न के खास मौके पर, भारत की होमग्रोन एल्कोबेव और लाइफस्टाइल कंपनी ब्लिसवॉटर इंडस्ट्रीज ने अपनी अवॉर्ड-विनिंग यक्षा को छत्तीसगढ़ में लॉन्च किया है। यह भारतीय ग्रेन स्पिरिट्स के मिश्रण के लिए जानी जाती है और इसे भारत और विदेशों में खूब सराहा गया है। यह लॉन्च रायपुर के उद्यमी देवराज सिंह परमार के सहयोग से संभव हो पाया है। निर्माण और मेटल सप्लाई उद्योग में 12 वर्षों का अनुभव रखने वाले परमार ने कहा, यक्षा के साथ जुड़ना मेरे लिए बेहद रोमांचक रहा है। छत्तीसगढ़ में इस को लाने का हिस्सा बनकर मुझे गर्व है, और मुझे विश्वास है कि इसे यहां के कद्रदान खूब पसंद करेंगे। यह लॉन्च क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन को और खास बनाने का एक बेहतरीन मौका है। यक्षा न सिर्फ एक अनूठा गिफ्ट विकल्प है, बल्कि इसे त्योहारी मौसम में एक यादगार अनुभव के रूप में भी एंजॉय किया जा सकता है। अपने खास फ्लेवर और प्रीमियम क्वालिटी के साथ, यक्षा व्हिस्की भारत में लक्ज़री स्पिरिट्स के लिए एक नया मानक स्थापित कर रही है।

### हाइवे पेट्रोलिंग में कार्यरत कर्मचारियों को मिले तत्काल चिकित्सा व्यवस्था : सिंह

**रायपुर, 27 दिसंबर ।** पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर डॉ. लाल उमेंद सिंह द्वारा हाइवे में दुर्घटनों की रोकथाम एवं घायलों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह एवं सतीश ठाकुर द्वारा हाइवे पेट्रोलिंग वाहन में कार्यरत कर्मचारियों का बैठक लेकर सुगम व्यवस्था बनाने एवं घायलों को त्वरित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान डीएसपी ट्रैफिक्र सतीश ठाकुर एवं गुरजीत सिंह द्वारा हाइवे में कार्यरत कर्मचारियों को लगातार पेट्रोलिंग कर नो पार्किंग में वाहन खड़ी नही होने देने, खराब हालत में खड़ी वाहनों को सुरक्षित स्थान पर हटाने एवं पार्किंग लाईट जलाने, रात्रि के दौरान सुगम दृश्य हेतु रेडियम को कपड़े से साफ करने, हाइवे के किनारे स्थित अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट, पेट्रोलपम्प, पान ठेला, एवं अन्य व्यवसायियों से लगातार संपर्क स्थापित कर आपातकाल के दौरान तत्काल सूचित करने हेतु निर्देशित करने बताया गया।

# विधानसभा चुनाव में हुए 128 करोड़ खर्च

## लोकसभा चुनाव पर 101 करोड़ में से आधा भुगतान करेगा केंद्र

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 27 दिसम्बर।** राज्य शासन द्वारा विधानसभा चुनाव कराने के लिए 128 करोड़ 65 लाख रुपये खर्च किए गए। राज्य शासन द्वारा सभी को मानदेय, वेतन एवं यात्रा भत्ता भी प्रदान कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव पर 101 करोड़ खर्च किया गया जिसमें से आधी राशि भारत सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

राज्य शासन द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से इस संबंध में एक अतारांकित प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी गई है। प्रदेश में कुल 33 जिले हैं। इनमें कुल 90 विधानसभा क्षेत्र हैं। वर्तमान में रायपुर और बिलासपुर संभाग में सबसे ज्यादा सीट आती हैं। रायपुर संभाग में सबसे ज्यादा पैसा खर्च किया गया है। प्रत्याशियों के व्यय की सीमा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई थी। राज्य शासन द्वारा वेतन, मानदेय और यात्रा भत्ता के रूप में अलग-अलग राशि दी गई है। कर्मचारियों को मानदेय का तत्काल भुगतान किया गया है इस पर 11 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है। यात्रा भत्ता के रूप में 60 करोड़ खर्च हुए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा चुनाव कराने के लिए कलेक्टर से चुनाव खर्च का ब्यौरा मांगा जाता है इसके पश्चात इस राशि का आबंटन कर दिया जाता है। विधानसभा चुनाव में इस वर्ष सबसे ज्यादा पैसा वीडियोग्राफी तथा मतदान केंद्रों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों पर खर्च हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक जुलूस, सभा तथा अन्य कार्यों की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाती है। प्रत्येक जिले में पृथक-पृथक टेंडर निकालकर इसका ठेका दिया गया था। राज्य शासन के आबकारी, पुलिस एवं नगरीय निकाय विभाग द्वारा अलग से राशि खर्च की जाती है जिसका ब्यौरा अप्राप्त है। चुनाव में लगी ड्यूटी के लिए परिवहन की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए प्राइवेट बसों का जबरिया अधिग्रहण कर लिया जाता है लेकिन इसका भुगतान बाद में किया जाता है। नगर निगम द्वारा मतदान केंद्रों की सफाई, भोजन, पानी आदि की व्यवस्था की जाती है जिस पर भी अतिरिक्त खर्च होता है।

### लोकसभा चुनाव का आधा व्यय वहन करती है केंद्र सरकार

हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में 101 करोड़ 65 लाख रुपए खर्च हुए। राज्य सरकार द्वारा कुल खर्च का ब्यौरा दिए जाने के बाद भारत सरकार द्वारा आधा खर्च दिया जाता है। इसका भुगतान वर्तमान वित्तीय वर्ष में हो जाएगा। राज्य में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की जिम्मेदारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त की है। वर्तमान में यहां पर दो ज्वाइंट सीईओ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के पद सृजित किए गए हैं। चुनाव प्रति पांच वर्ष में होता है लेकिन मतदाता सूची पुनरीक्षण, फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र बनाना, मतदान केंद्रों की संख्या जनसंख्या के आधार पर बनाने सहित अन्य कार्य चलते रहते हैं। आयोग द्वारा मतदाता सूची लॉक कर दी जाती है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव कराने के लिए मतदान केंद्रों में कैमरे लगाए जाते हैं। चुनाव एजेंटों एवं निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष ही ईवीएम को सील किया जाता है। आयोग द्वारा चुनाव के दौरान नक्सली हिंसा मारे गए लोगों को भी एक बड़ी राशि दी जाती है।

# माना तूता में बनेगी सर्व सुविधायुक्त फिल्म सिटी

**रायपुर 27 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड को केंद्र सरकार से एक बड़ी सौगात मिली है. केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंट टू स्टेटस फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट 2024 -25 के तहत राज्य की दो महत्वपूर्ण पर्यटन परियोजनाओं के लिए लगभग 148 करोड़ की राशि स्वीकृत की है.

केंद्र सरकार से स्वीकृत लगभग 148 करोड़ की राशि में से 95.79 करोड़ रुपए की लागत से रायपुर के माना तूता में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा. इसके साथ ही 51.57 करोड रुपए की लागत से जनजाति और सांस्कृतिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण भी होगा, जो पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. स्थानीय और बाहर के फिल्म निर्माताओं व निर्देशकों के साथ ही इसका फायदा कलाकारों को भी मिलेगा. इस फिल्म सिटी में प्री प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन भी होगा.

नवा रायपुर के फिल्म सिटी में कई तरह के सेट्स होंगे, जिसमें टेंपरेरी और परमानेंट सेट्स शामिल हैं. गांव और शहर के सेट्स रहेंगे. स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, जेल, फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट जैसी तमाम जगह भी फिल्म सिटी में बनाई जाएगी. इसके साथ ही तालाब और गार्डन के सेट भी रहेंगे. इनडोर शूटिंग में गैलरी, आर्टिफिशियल तालाब, पर्वत और घाट का निर्माण भी किया जाएगा. प्री प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन के लिए कई बिल्डिंग बनाई जाएगी. बच्चों के लिए स्लो वर्ड और टॉय म्यूजियम भी बनेंगे।

# भाजपा सरकार नौकरियां बेच रही है : दीपक बैज



**रायपुर 27 दिसंबर।** भाजपा सरकार सरकारी विभागों की नौकरियां बेच रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार नौकरियों का व्यापार कर रही है। प्रदेश में वन एवं पुलिस की भर्तियों में बोलियां लग रही। कांग्रेस मांग करती है इन भर्तियो को रोक कर पूरी भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई से अथवा उच्च न्यायालय के जज से जांच करवाई जाये। जिलों में आरक्षक भर्ती के साथ वन विभाग में वन रक्षको की भर्ती में भी घपले हो रहे है। पूरे प्रदेश के सभी जिलों में चल रही आरक्षक भर्ती और वन विभाग की भर्तियों में खुले आम बोलियां लगाई जा रही है। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती के भ्रष्टाचार का खुलासा भी हो चुका है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बड़े अधिकारियो और सत्त रूढ़ नेताओं चहेतो की भर्तियां सुनिश्चित करने शारीरिक परीक्षण में अधिक नंबर पक्षपात पूर्वक दिया जा रहा है। हैदराबाद की एक कपंनी को वन एवं पुलिस विभाग में शारीरिक परीक्षण का ठेका दिया गया। कंपनी से मिली भगत करके पूरा गड़बड़ किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के सभी जिलों की पुलिस एवं वन भर्ती प्रक्रिया को रद्द करके फिर से शारीरिक परीक्षण करवाया जाये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कोरिया, मनेन्द्रगढ़ वन मंडल में शारीरिक परीक्षा में पक्षपात करने के लिये सभी चहेते उम्मीदवारों को एक ही दिन शारीरिक परीक्षण के लिये बुलवाया गया। इन अभ्यार्थियो का जिस दिन परीक्षण होना था उस दिन उनसे तबयित खराब होने आदि का बहाना बना कर आवेदन लिया गया तथा सभी को एक आरक्षित दिन बुलाया गया। एक ही दिन दौड़ने वाले 40 उम्मीदवारों को चयन सूची में शामिल किया गया, जो उम्मीदवार दौड़ में असफल हुये उनको लंबी कूद तथा गोला फेंक में 25-25 नंबर देकर पात्र बनाया गया। दौड़ में असफल हुये अभ्यर्थी गोला फेंक और लंबी कूद में 50 अंक पा गये। राजनांदगांव आरक्षक भर्ती मामले में भी इसी प्रकार की गड़बड़ियां हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार भर्तियों भ्रष्टाचार करके युवाओं के सपनों को बेच रही है। सरकार में बैठे हुये लोग अपनी जेबे भरने के लिये प्रदेश के गरीब होनहार युवाओं के साथ अन्याय कर रहे।




रायपुर 27 दिसंबर। भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक हुई। प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन जी, केंद्रीय पर्यवेक्षक सांसद लोकसभा खरगौन - बड़वानी मध्य प्रदेश गजेंद्र सिंह पटेल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल जी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी, महामंत्री संगठन पवन साय जी चुनाव प्रदेश प्रभारी खूबचंद पारख व जिला चुनाव अधिकारी उपस्थित थे।

# नाचा छत्तीसगढ़ की मंचीय आत्मा है : पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर

**रायपुर , 27 दिसंबर।** विदा ले रहे वर्ष 2024 के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ की बालोद जिला इकाई का वैचारिक सम्मेलन दीनदयाल योग वेदान्त आश्रम बालोद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गाजीपुर से पधारे साहित्यकार और समाजसेवी सुरेन्द्र पाण्डे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. छत्तीसगढ़ जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष परदेशीराम वर्मा सहित योग गुरु दीनदयाल साधु और शिरोमणि माथुर तथा छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक -कलाकार, पद्मश्री सम्मानित डोमार सिंह कुंवर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे. पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर ने कार्यक्रम में जनवादी लेखकों के बीच अभिनय सहित अपना व्याख्यान दिया. उन्होंने कहा कि नाचा छत्तीसगढ़ की मंचीय आत्मा है. इसमें गायन, वादन अभिनय और नृत्य, सब रहता है.योग गुरु दीनदयाल साधु ने कहा कि जन के लिए जीना और उसकी पीड़ा को समझते हुए निदान की दिशा में काम करना ही हमारी संस्कृति है। इस अवसर पर डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जनवादी लेखक संघ की जिला इकाईयों ने वर्ष भर लगातार कार्यक्रम, शिविर आयोजित कर वर्ष 2024 में नये साहित्यकारों के लिए अच्छा वातावरण बनाया। हमारे संगठन की समस्त जिला इकाईयों से निकलकर अनेक युवा रचनाकार सामने आये। वरिष्ठजनों ने उनका मार्गदर्शन किया। डॉ. वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 में जनवादी लेखक संघ द्वारा राज्य के विभिन्न स्थानों पर आयोजित अलग - अलग कार्यक्रमों में महासचिव पी.सी. रथ, उपाध्यक्ष नासिर अहमद सिकंदर, कोषाध्यक्ष नूतन ध्रुव, अशोक आकाश, समयलाल विवेक, अजय चंद्रवंशी, दिनेश चौहान, वीरेन्द्र सरल, गुलाब जोशी, भूखन वर्मा, रमेश शर्मा, आनंद सिंघनपुरी, राघव सतीश सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा जैसे वरिष्ठ रचनाकारों ने नई पीढ़ी का मार्गदर्शन किया।

# भाजपा सरकार संविधान के अनुच्छेद 243 का उल्लंघन कर रही

- नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र



**रायपुर, 27 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल मान. श्री रामेन डेका को पत्र में लिखा कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र दिसंबर 2024 द्वारा पारित विधेयक क्रमांक 11 तथा 12 वर्ष 2024 संविधान विरूद्ध होने के कारण उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने बताया कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा शीतकालीन सत्र दिसंबर 2024 में दिनांक 19 दिसंबर को निम्नलिखित दो विधेयक पारित किये गये हैं। 01. छत्तीसगढ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 11 सन् 2024) 02. छत्तीसगढ नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2024 (क्रमांक 12 सन् 2024)।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि, उपरोक्त दोनो विधेयको पर विधानसभा द्वारा विचार प्रारंभ किये जाने के पूर्व ही विपक्ष के द्वारा दोनो विधेयको के संविधान के विरूद्ध होने के तथ्य की ओर ध्यान आकर्शित कराते हुए भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यु) के विरूद्ध होने का कथन किया गया था, और माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा राइट पेटीसन (सी) नं. 278 ऑफ 2022 डिसाइडेड ऑन मई 10, 2022 का उल्लेख करते हुए अनुरोध किया गया था कि दोनों विधेयकों के कतिपय प्रावधान संविधान के विरुद्ध होने के कारण इन पर प्रस्तुत रूप में विचार करने में सदन के समक्ष नहीं होने का भी कथन किया गया, परन्तु दोनों विधेयकों को पारित कर दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपने पत्र में उपरोक्त दोनों विधेयकों की प्रतिलिपि माननीय उच्चत्तम न्यायलय के उपरोक्त आदेश की प्रतिलिपि तथा भारत के सविधान के अनुच्छेद 243-प (243-यु) की प्रति (अंग्रेजी तथा हिंदी में) सलंग्न की है। भारत का संविधान के अनुच्छेद 243-प (3) (क) में यह आदेशात्मक प्रावधान है कि नगरपालिका की पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने के पूर्व नगरपालिका के गठन के लिए निर्वाचन किया जायेगा परन्तु उपरोक्त दोनों विधेयकों के पारित होने के पश्चात् अधिनियक बन जाने पर पांच वर्ष के अवधि के पूर्व नया निर्वाचन करने की बाध्यता समाप्त होकर 6 माह की अतिरिक्त अवधि अनुज्ञेय हो जाएगी। अतः यह संविधान के उक्त प्रावधान के प्रभाव को निष्प्रभावी करने वाला संशोधन होगा। जो पूरी तरह से असंवैधानिक है।

# कांग्रेस ने राष्ट्र विरोधी कृत्य किया: किरण

**रायपुर 27 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव ने कर्नाटक में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन में भारत के मानचित्र में कश्मीर को पाकिस्तान और अक्साई चिन को चीन का हिस्सा बताए जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी कृत्य बताया है। श्री देव ने कहा कि संविधान, लोकतंत्र और भारत के मानचित्र का बार-बार मखौल उड़ाना कांग्रेस की भारत विरोधी मानसिकता का प्रमाण है और यही कांग्रेस का स्थायी राजनीतिक चरित्र बन चुका है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि संविधान का सरेआम मखौल उड़ाने और लोकतंत्र का गला घोंटने वाली कांग्रेस अब भारत के मानचित्र को विकृत रूप में अपने मंच पर लगाकर भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को भी सीधे-सीधे चुनौती देने लग गई है। कांग्रेस की यह करतूत अक्षम्य है और कांग्रेस के खिलाफ अब संवैधानिक प्रावधानों के तहत भारत के मानचित्र से इस तरह की छेड़छाड़ को लेकर कड़े कानूनी कदम उठाए जा सकते हैं। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस का यह अक्षम्य अपराध पहली बार या फिर भूल से हुआ हो, ऐसा नहीं माना जा सकता। यह कांग्रेस की एक सोची-समझी करतूत है और वह विदेशी ताकतों के हाथों खेलकर अपने टूलकिट एजेंडे पर अमल कर रही है। इससे पहले भी छत्तीसगढ़ के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने यह कृत्य किया था। भाजपा द्वारा तब इस विषय का खुलासा करने, मुकदमा आदि दर्ज कराने के बाद कांग्रेस ने माफी मांगी थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि देश में जाति, धर्म के आधार पर तोड़ने की राजनीति करने वाली सत्ता की लालच में बौखलाती कांग्रेस एक तरफ भारत जोड़ो के नाम पर पाखंड का शर्मनाक प्रदर्शन कर रही है, वहीं अब भारत के हिस्सों को पाकिस्तान व चीन का हिस्सा बताकर देश को तोड़ने का कृत्य तक करने पर आमादा नजर आ रही है।

# भनपुरी की मांगों को लेकर जोन कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर 27 दिसंबर।** कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव केशव सिन्हा के नेतृत्व में यतियतन लाल वार्ड के वासियों ने वार्ड की समस्याओं को लेकर जोन कार्यालय क्रमांक एक में कमिश्नर को ज्ञापन दिया। वार्ड वासियों की मांग है कि न्यू गोंदवारा में हो रही सी सी रोड निर्माण में बिना पक्ष पात किये बिना सी सी रोड निर्माण को छूटी गई सड़क विमल धीवर के घर से महेंद्र घृतलहरे के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य पूर्ण करे । दूसरी माँग है कि गंगा नगर रेल्वे लाईन से बंजारी बारी होते हुये शिव मंदिर तक नाला निर्माण कार्य को अपूर्ण को पूर्ण करे । तीसरी माँग यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 04 के अस्तित्व खोता हुआ निस्तारित तालाबो में कुड़ा कचरा साफ सफाई कराये एवं सोन्दर्यकरण स्ट्रीट लाईट लगवायें। (गंगा नगर बांधा तालाब, बंधवा तालाब भनपुरी, दर्री तालाब भनपुरी)। चौथी मांग वार्ड के अंतर्गत आने जाने के मुख्य मार्ग जर्जर हुये मार्ग पर डामरी करण करायें। इसमें भनपुरी गोयल ब्रदर्स से दर्री तालाब तक, पार्टीदार भवन से लेकर गंगा नगर तालाब तक पूर्ण करना की मांग रखी गई है। जिसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस विधान सभा उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ,डॉ आर आर साहू , संतोष मानिकपुरी ,दिनेश निर्मलकर, रोहन मानिकपुरी रिकी राम साहू, दिनेश साहू, आदि।

# असम के छात्रों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से कराया परिचय

**रायपुर, 27 दिसंबर।** भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.) रायपुर, जो ष्बिल्डिंगबिज़नसओनर्स के लिए जाना जाता है, ने शिक्षा मंत्रालय की प्रमुख योजना, एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत युवा संगम फेज-5 में हिस्सा लेने आए असम विश्वविद्यालय, सिलचर के 45 छात्रों और 5 समन्वयकों का स्वागत किया। यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक चलेगा और इसका उद्देश्य पर्यटन, परंपराओं, विकास और प्रौद्योगिकी में साझा अनुभवों के माध्यम से युवाओं के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देना है। भा.प्र.सं. रायपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्री संजीव कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को भारत की विविध धरोहर और संस्कृति को समझने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, भारत की ताकत उसकी विविधता में है, और युवा संगम जैसे कार्यक्रम युवा मनों को हमारे देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति को समझने और अपनाने का एक अद्भुत मंच प्रदान करते हैं। मैं आप सभी को अधिक से अधिक यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं, क्योंकि यह न केवल आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगा बल्कि हमारे देश की एकता को भी मजबूत करेगा। भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने उत्साहपूर्वक असम के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और भारत के युवाओं के बीच समझ और एकता को गहरा करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भा.प्र.सं. रायपुर में असम के उत्साही छात्रों की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित यह युवा संगम कार्यक्रम पारस्परिक सीख, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देने का एक स्वर्णिम अवसर है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति में अनुभव करने के लिए बहुत कुछ है। मैं प्रतिनिधियों से आग्रह करता हूं कि वे इस अनुभव का पूरा लाभ उठाएं और अपने साथ यादगार और जीवनभर के अनुभव लेकर जाएं।



# महिलाओं के लिए यंग बैंकर्स कोहॉर्ट

**रायपुर, 27 दिसंबर।** बीएफएसआई क्षेत्र के लिए भारत की अग्रणी शिक्षण समाधान प्रदाता, मणिपाल अकादमी ऑफ बीएफएसआई ने हाल ही में एक्सिस बैंक के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जिसके तहत केवल महिलाओं के लिए एक्सिस बैंक यंग बैंकर्स प्रोग्राम लॉन्च किया गया। कार्यबल में विविधता बढ़ाने के लिए तैयार इस कोहॉर्ट का आधिकारिक तौर पर एमएबीएफएसआई के बेंगलुरु स्थित परिसर में एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट एंड हेड - ह्यूमन रिसोर्सेज, राजकमल वेम्पति ने उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम, विविधता वाले समावेशी कार्यबल के निर्माण के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यंग बैंकर्स प्रोग्राम, एक्सिस बैंक और मणिपाल अकादमी ऑफ बीएफएसआई के बीच हुई साझेदारी है, जिसके तहत पिछले 12 साल में 16,000 से अधिक स्नातकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया है। सिर्फ महिलाओं के लिए बने इस कोहॉर्ट की शुरुआत से महिलाओं की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई। इस कार्यक्रम में अब 700 महिलाएं शामिल हैं।

### रायपुर-बिलासपुर के डीआरएम बदले गए

**रायपुर, 27 दिसंबर।** भारतीय रेलवे में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। रेलवे बोर्ड ने देशभर के 23 मंडल रेल प्रबंधकों का तबादला कर दिया है। इस फेरबदल में रायपुर और बिलासपुर मंडल के डीआरएम भी बदले गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, बिलासपुर मंडल में राजमल खोईवाल को नया डीआरएम नियुक्त किया गया है। वे उत्तर पश्चिम रेलवे में एनएफएचएह-आईआरएसएसई अधिकारी के रूप में कार्यरत थे और अब प्रवीण पांडे की जगह लेंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26